दैनिक

# नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 17 | अंक 172 | सीकर, शनिवार 22 अगस्त 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


# विधानसभा में हंगामा : नारेबाजी के बीच यूसीसी बिल पेश

## कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

जयपुर।

राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र की कार्यवाही दूसरे दिन शुक्रवार को केवल 66 मिनट चली। सुबह कार्यवाही शुरू होने के साथ ही कांग्रेस विधायकों ने हंगामा कर दिया। प्रश्नकाल में 5 मिनट, शून्यकाल में 18 मिनट कार्यवाही चली।

दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित हुई। हंगामे के बीच विधानसभा में समान नागरिक संहिता ( यूसीसी) बिल पेश हुआ। बिल पेश होने के बाद कांग्रेस विधायकों ने कार्यवाही का बॉयकॉट कर दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई।इससे पहले सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कांग्रेस विधायकों को विधानसभा गेट पर रोके जाने का मुद्दा उठाते हुए इस पर चर्चा कराने को कहा था।

उन्होंने सीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट पर भी सरकार को घेरा था। स्पीकर ने प्रश्नकाल के बीच मुद्दा उठाने की अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने वेल में नारेबाजी की और सरकार भगोड़ी है के पोस्टर लहराए थे। वहीं, भाजपा विधायकों ने राहुल गांधी को भगोड़ा और चोर बताते हुए नारेबाजी की थी।

### केवल 66 मिनट चला सदन

विधानसभा में अनुपूरक अनुदान की मांगें और तीन बिल पारित करवाने के बाद सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। आज केवल 1 घंटा 6 मिनट ही सदन चला। आज प्रश्नकाल और शून्यकाल की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ गई। प्रश्नकाल में 5 मिनट, शून्यकाल में 18 मिनट कार्यवाही चली। दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित हुई। तीसरी बार कार्यवाही स्थगित होने पर हंगामे के बाद कांग्रेस विधायक बायकॉट करके चले गए। तीसरी बार 43 मिनट सदन चला।

### स्पीकर बोले- ग्रुप में विधानसभा के गेट से आने की अनुमति न पहले थी न आगे होगी

कांग्रेस विधायकों को गुरुवार को विधानसभा के गेट पर रोके जाने और कांग्रेस के हंगामे पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा- विधानसभा का गेट आज भी खुला है और कल भी खुला था। एमएलए फ्लैट्स कैंपस में रहने वालों के लिए गेट खुला रहता है। ग्रुप में विधानसभा के गेट से आने की अनुमति न पहले थी न आगे होगी। विधायकों के लिए गेट गुरुवार को भी खुला था, लेकिन गुरुवार को ग्रुप में एमएलए आए तो बाहर के दो लोग आ गए थे। उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने पहचानकर बाहर निकाला। मार्शल ने मुझे जानकारी दी कि विधानसभा के गेट पर गुरुवार को दो-तीन लोग चढ़े। यह नियमों के हिसाब से अवांछनीय है, भविष्य में इस तरह की बातें नहीं हो, यह अपील करता हूं।



# ट्रम्प बोले- होर्मुज पर जल्द अमेरिका का फुल कंट्रोल होगा

## ईरान की नेवी और एयरफोर्स खत्म



वॉशिंगटन डीसी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका जल्द ही होर्मुज स्ट्रेट पर पूरी तरह कंट्रोल कर लेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमलों में ईरान की नेवी, एयरफोर्स और मिलिट्री लीडरशिप को बहुत नुकसान हुआ है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने दावा किया कि ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई करना जरूरी था। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर भविष्य में ईरान की ओर से फिर ऐसा खतरा पैदा हुआ, तो अमेरिका फिर से कड़े कदम उठाएगा।

### ट्रम्प बोले- ईरान से बातचीत मुश्किल

ट्रम्प ने कहा कि ईरान के कई बड़े नेता अब नहीं रहे। इसके चलते नए समझौते पर बातचीत मुश्किल हो गई है। फिलहाल यह भी साफ नहीं है कि ईरान में फैसले कौन ले रहा है। ट्रम्प ने एक बार फिर से दावा किया कि ईरान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। देश में महंगाई बहुत ज्यादा है। सेना को वेतन देने में भी दिक्कतें आ रही हैं।

### अमेरिका ने ईरान की मदद करने वालों को चेतावनी दी

अमेरिका ने ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों और कंपनियों को चेतावनी दी है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बैसेंट ने कहा कि जो लोग ईरान के साथ कारोबार जारी रखेंगे, उनके खिलाफ अमेरिका कड़े आर्थिक कदम उठा सकता है। दरअसल, अमेरिका ने गुरुवार को ईरान पर नई आर्थिक कार्रवाई का ऐलान किया है। इसका मकसद ईरान की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ाकर उसे परमाणु कार्यक्रम खत्म करने और होर्मुज स्ट्रेट खोलने के लिए मजबूर करना है। अमेरिका पहले ही ईरान के तेल, बैंकिंग और ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर कई प्रतिबंध लगा चुका है। अब वह ईरान से जुड़े दूसरे देशों और कंपनियों पर भी दबाव बढ़ाने की तैयारी में है।


# भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने में देरी को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने ममता पर निशाना साधा



नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कई बार अनुरोध किए जाने के बावजूद पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा करने के लिए आवश्यक जमीन उपलब्ध नहीं कराई। अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के अपने दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के फ्रंटियर मुख्यालय में विभिन्न परियोजनाओं के भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम में ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''मैंने सीमा पर बीएसएफ द्वारा बाड़ लगाए जाने के लिए जमीन मुहैया कराने को लेकर कई बार गुहार लगाई लेकिन ममता बनर्जी ने इसे अनसुना कर दिया। मैं सीमा सुरक्षा मजबूत करने के लिए 1,129 एकड़ जमीन की मांग 2014 से कर रहा था। राज्य में (मुख्यमंत्री) शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद ही हमें यह जमीन मिली।'' अमित शाह ने कहा कि राज्य के किसी भी पूर्व मुख्यमंत्री ने एसएसबी या सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कार्यक्रमों में कभी हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने मंच पर उनके साथ मौजूद मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को इस चलन को तोड़ने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, ''पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री निमंत्रण भेजे जाने के बावजूद एसएसबी के समारोहों में कभी शामिल नहीं हुए। एसएसबी कोई राजनीतिक संगठन नहीं है। यह बल ऐसी बातों से ऊपर है।''

नवयत्न कोबरी पोस्ट




# टाइगर हैबिटेट में बन रहे एनएचएआई के रेस्ट-हाउस पर रोक

### हाईकोर्ट ने भूमि अधिग्रहण आदेश को भी किया रद्द; कहा- अफसर ने माइंड अप्लाई नहीं किया

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच ने अलवर जिले के गांव धूअरमाला में एनएचएआई के प्रस्तावित रेस्ट हाउस के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहण को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा- यह प्रस्तावित रेस्ट हाउस सरिस्का टाइगर रिजर्व के क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट के एक किलोमीटर अंदर आता है। अधिकारियों ने वैकल्पिक जमीन होने के बाद भी उस पर विचार नहीं किया। कोर्ट ने कहा- वन विभाग भी अपने पत्र में साफ कर चुका था कि एक किलोमीटर वाला प्रतिबंध लागू है। इसके बावजूद हाईवे अथॉरिटी मूल स्थान पर आगे बढ़ी। जस्टिस आनंद शर्मा की अदालत ने यह आदेश बुद्दालाल व अन्य किसानों की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। कोर्ट ने कहा- लगता है कि भूमि अधिग्रहण अधिकारी ने आपत्तियां खारिज करते हुए अपना माइंड अप्लाई नहीं किया।19 किसानों की जमीन का किया था अधिग्रहण-याचिकाकर्ताओं के एडवोकेट अक्षय शर्मा ने कोर्ट को बताया- अक्टूबर 2024 में प्रशासन ने धूअरमाला गांव के 19 किसानों की कृषि भूमि को एनएच-28ए के शाहपुरा-अलवर सेक्शन के विस्तार के लिए अधिग्रहित किया।

# मंत्री शेखावत बोले : 10 साल में तीन गुना बढ़े घरेलू-पर्यटक

### ब्रिक्स पर्यटन मंत्रियों की बैठक में तैयार हुआ जयपुर डिक्लेरेशन

**जयपुर।** जयपुर में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा- ब्रिक्स देशों के बीच पर्यटन सहयोग को मजबूत करने के लिए जयपुर डिक्लेरेशन तैयार किए गया है। इसमें सदस्य देशों के सहयोग का फ्रेमवर्क तैयार किया गया है। ब्रिक्स पर्यटन कार्य समूह की 19 और 20 अगस्त को आयोजित बैठक में सदस्य देशों के बीच पर्यटन क्षेत्र में सहयोग को को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इस पर बैठक की चर्चाओं पर मीडिया से शुक्रवार को बात करते हुए केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने यह कहा। उन्होंने कहा- भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत पर्यटन ट्रैक की थीम बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी रखी गई। बैठक में पर्यटन क्षेत्र की चार प्रमुख प्राथमिकताओं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पर्यटन, सतत और जिम्मेदार पर्यटन, पर्यटन क्षेत्र में कौशल और क्षमता निर्माण और यात्रा सुविधा पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा- चीन के मंत्री ने जानकारी दी है कि उन्होंने 55 देशों में वीजा फ्री एंट्री शुरू की है। विदेशी प्रतिनिधियों ने बगरू प्रिंटिंग, मीणा बुनाई, लाख की चूड़ी निर्माण और मिट्टी और कागज से बने हस्तशिल्प देखा। शेखावत ने कहा- पर्यटन क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे में ब्रिक्स देशों के बीच एआई के जिम्मेदार और मानव-केंद्रित उपयोग को बढ़ावा देने पर सहमति बनी है।

# राहुल का 6 घंटे धरना, तब पैलेटगन मामले में एफआईआर

### कोई नामजद नहीं, प्रदर्शनकारी बोला-आंख खराब हुई; राहुल छात्र के साथ थाने से रवाना

नई दिल्ली।

दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर प्रदर्शनकारी छात्र साहिल की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है, लेकिन मामला अज्ञात पर दर्ज किया गया है। साहिल का आरोप है कि पैलेट छर्रे लगने से उसकी आंख की रोशनी चली गई।

एफआईआर दर्ज करवाने तक राहुल थाने के बाहर ही बैठे रहे। वे शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे से संसद मार्ग थाने पहुंचे थे। जब उनकी मांग नहीं मानी गई, तो वे डीसीपी से मिले।बातचीत का नतीजा न निकलने पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा था कि जब तक एफआईआर दर्ज नहीं होगी, वे हटेंगे नहीं। इसके बाद 5.30 बजे पुलिस ने प्रोसेस शुरू की।

इससे पहले राहुल ने साहिल को लगे छर्रे दिखाकर कहा था- 'पैलेट गन चलने के सबूत हैं। ये छर्रे साहिल के शरीर से निकले हैं। अगर पुलिस ने गन नहीं चलाई तो किसने चलाई है।

पुलिस कह रही है कि उन्हें एफआईआर नहीं करने के ऊपर से निर्देश हैं।' पहले मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन गए और एफआईआर दर्ज करने की मांग की राहुल के साथ प्रियंका गांधी, अधीर रंजन चौधरी, सलमान खुर्शीद और जयराम रमेश भी मौजूद थे। 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान प्रदर्शन कर रहे छात्र साहिल घायल हो गए थे।



# पीएम मोदी की केंद्रीय सचिवों के साथ बैठक

## कहा- युवाओं से जुड़ें, ताकि नीतियां बनाने में नए आइडिया मिल सकें



नई दिल्ली।

पीएम मोदी ने गुरुवार को केंद्रीय सचिवों के साथ बैठक की। पीएमओ के बयान के मुताबिक, मोदी ने अधिकारियों से कहा कि वे यूनिवर्सिटी और युवाओं से जुड़ें। ताकि नीतियां बनाने में नए आइडिया मिल सकें। पिछले महीने दिल्ली के जंतर-मंतर में नीट पेपर लीक को लेकर छात्रों के प्रदर्शन के बाद सरकार युवाओं को तरजीह दे रही है। पीएम ने इंस्टाग्राम पर रील्स के जरिए छात्रों से संवाद भी किया। यही नहीं पीएम मंत्रियों से भी सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने की बात कह चुके हैं।

### पीएम बोले- अधिकारी अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाएं

मोदी ने एक्स पर बताया कि सचिवों के साथ बैठक में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, सुरक्षा और विदेश मामलों से जुड़े मंत्रालयों के काम पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि सचिवों को आज की समस्याओं और आंकड़ों पर ध्यान देने के साथ देश के भविष्य के बारे में भी सोचना चाहिए।

### पीएम ने 10 मुद्दों पर चर्चा की; कहा- एआई की निगरानी जरूरी, इनोवेशन बढ़े

1. **शिक्षा और युवाः** सरकार, यूनिवर्सिटी और युवाओं के बीच ज्यादा संवाद हो, ताकि नीतियों में नए और अलग विचार शामिल किए जा सकें।
2. **इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटीः** मंत्रालयों के बीच बेहतर तालमेल के साथ भविष्य की जरूरतों के हिसाब से इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी पर काम करने को कहा।
3. **सुरक्षा और विदेश नीतिः** सुरक्षा और विदेश मामलों से जुड़े मंत्रालयों के लिए आगे की कार्ययोजना पर चर्चा की।
4. **डेटा और एआईः** डेटा और एआई का बेहतर इस्तेमाल करने पर जोर दिया। एआई में मानवीय निगरानी और निर्णय को जरूरी बताया।
5. **रिसर्च और इनोवेशनः** सभी क्षेत्रों, खासकर डिफेंस सेक्टर, में रिसर्च और इनोवेशन बढ़ाने की बात कही।
6. **डिफेंसः** रक्षा क्षेत्र में रिसर्च बढ़ाकर भारत को वैश्विक स्तर पर ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनाने पर जोर दिया।
7. **मैरिटाइम सेक्टरः** समुद्री क्षेत्र को मजबूत करने के लिए व्यापक रणनीति बनाने की जरूरत बताई।
8. **शिपबिल्डिंगः** शिपबिल्डिंग को इंफ्रास्ट्रक्चर का दर्जा मिलने के बाद यह देखने को कहा कि इससे तय लक्ष्य पूरे हो रहे हैं या नहीं।
9. **पोर्ट्सः** सिर्फ पोर्ट बनाने के बजाय 'पोर्ट-लेड डेवलपमेंट' पर फोकस करने की बात कही।
10. **मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्टः** मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स और एक्सपोर्ट यूनिट्स को बेहतर कनेक्टिविटी देने पर जोर दिया।

# राजस्थान के 15 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट

### धौलपुर में एक इंच से ज्यादा पानी बरसा, श्रीगंगानगर में पारा 40 डिग्री के पार



**जयपुर।** राजस्थान में 15 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, 22 अगस्त को 13 जिलों में यलो अलर्ट है। मौसम विभाग ने 23 अगस्त से चार-पांच दिन तक राज्य में मानसून के कमजोर रहने की संभावना जताई है। इससे पहले, गुरुवार को धौलपुर में सबसे ज्यादा 29 एमएम बरसात हुई। वहीं, राजधानी जयपुर में जेएलएन मार्ग पर सबसे ज्यादा 17 एमएम पानी बरसा हुई। कोटा, झालावाड़, भरतपुर, दौसा के इलाकों में भी हल्की बारिश हुई। प्रदेश में पिछले दिनों ज्यादातर इलाकों में बारिश नहीं होने से पारा चढ़ने लगा। श्रीगंगानगर 40.1 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गुरुवार को प्रदेश में सबसे गर्म रहा।

**धौलपुर में 1 इंच से ज्यादा पानी बरसा :** पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, जयपुर और कोटा संभाग में गुरुवार को कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात धौलपुर में 29 एमएम हुई। धौलपुर के बसाईनवांब इलाके में 19, अलवर के टहला में 16, बारां के शाहबाद में 17, बारां शहर में 16 और टोंक में 11 एमएम बरसात हुई। कोटा, झालावाड़, भरतपुर, दौसा में भी हल्की बारिश (10 एमएम से कम) हुई।

**ज्यादातर इलाकों में कमजोर रहेगा मानसून :** मौसम विभाग के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- वर्तमान में पूर्वी भारत के ऊपर बना वेल मार्क लो प्रेशर सिस्टम कमजोर होकर लो प्रेशर में तब्दील हो चुका है। मानसून ट्रफ लाइन अभी अमृतसर, निजामाबाद, फतेहगढ़, हरदोई होकर इस लो-प्रेशर सिस्टम से गुजरते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है।

## सुल्तान सिंह का शहादत दिवस आज

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ग्राम पंचायत बागरियावास के शहीद स्मारक पर शहीद सुल्तान सिंह स्मृति संस्थान के तत्वावधान में शनिवार को शहीद मेले का आयोजन होगा। एडवोकेट सुभाष भारतीय ने बताया कि गांव बागरियावास के शहीद सुल्तान सिंह 22अगस्त, 2008 को जम्मू-कश्मीर के कूपवाड़ा में दुश्मन की आपसी मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। शनिवार को शहीद सुल्तान सिंह का 19 वां शहादत दिवस मनाया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं राजस्थान सरकार में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा होंगे। सीकर के पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, पूर्व उपसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेपी नेहरा, सेना कल्याण प्लेसमेंट संगठन के निदेशक कर्नल राजेश भूकर, पूर्व सैनिक कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल देवानंद सिंह, श्रीमाधोपुर के निवर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष हरिनारायण महंत, भाजपा सीकर के पूर्व जिलाध्यक्ष महेश शर्मा व वरिष्ठ भाजपा नेता रामेश्वर रणवा सहित अन्य अतिथि मौजूद रहेंगे। शनिवार को सुबह बस स्टेंड बागरियावास से शहीद स्मारक तक भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, इसके बाद शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## नि:शुल्क हृदय रोग चिकित्सा परामर्श शिविर कल

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** चंद्र युगल धर्मार्थ चिकित्सा परामर्श केंद्र श्रीमाधोपुर में 23 अगस्त रविवार को 10 बजे से नि:शुल्क हृदय रोग चिकित्सा परामर्श शिविर किया जाएगा। गोकुल यादव ने बताया कि शिविर में डॉक्टर शुभम शर्मा पीएम कार्डियोलॉजी रूकमणि बिरला हॉस्पिटल जयपुर अपनी सेवाएं देंगे। बताया गया कि हृदय की धड़कन कम ज्यादा होना, ब्लड प्रेशर के मरीज, हार्ट वाल्व की खराबी, कोलेस्ट्रॉल आदि की बीमारी से पीड़ित रोगी शिविर में डॉक्टर शुभम शर्मा से नि:शुल्क परामर्श ले सकते हैं। यादव ने बताया कि आगामी 25 अगस्त मंगलवार को इसी परामर्श केंद्र पर प्रात: 10 से दोपहर 1 बजे तक डॉक्टर महेश कुमार शर्मा आयुर्वेदाचार्य, पूर्व निदेशक राजकीय आयुर्वेद चिकित्सा संस्थान जयपुर भी मरीजों को नि:शुल्क परामर्श देंगे। शिविर में उदर रोग, मधुमेह, श्वास, घटिया, वात रोग संबंधी बीमार नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श ले सकेंगे। बताया गया है कि आयुर्वेद की उपलब्ध दवाइयां शिविर में आने वाले मरीजों को नि:शुल्क दी जाएगी।

## उधार दिए रुपए वापस नहीं लौटाने के विवाद में युवक की हत्या

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** खोरा बीसल थाना इलाके के मनसारामपुरा के पीछे जंगल में युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर जीजा-भतीजे सहित चार लोगों के खिलाफ हत्या का नामजद मामला दर्ज किया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि युवक उधार दिए करीब 22.75 लाख रुपए वापस लेने गया था, जहां उसकी हत्या कर शव जंगल में फेंक दिया गया। एसआई अभिषेक स्वामी ने बताया कि सीकर के अजीतगढ़ निवासी प्रकाश चंद यादव फाइनेंस कंपनी में नौकरी करता था। उसके बड़े भाई सुरेश ने रिपोर्ट में बताया कि ताऊ के दामाद शंकर यादव और उसके भतीजे अजय सहित अन्य लोगों ने प्रकाश से रुपए उधार ले रखे थे। 4 जून को प्रकाश ने फोन कर बताया था कि वह शंकर यादव से रुपए लेने जा रहा है। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों के अनुसार 7 जून को दोपहर करीब सवा 12 बजे प्रकाश ने बड़े भाई सुरेश को वाट्सऐप कॉल किया। वह रो रहा था और बताया कि शंकर यादव व अजय रुपए नहीं दे रहे हैं और मारपीट करने पर उतारू हैं। उसने दोनों के मोबाइल नंबर और हिसाब की पर्ची भी वाट्सऐप पर भेजी। पर्ची में चार लोगों से करीब 22 लाख 75 हजार रुपए लेने का हिसाब लिखा था। इसमें उसने लिखा कि सभी से पैसे देने की गुहार कर चुका है, लेकिन करीब एक साल से रुपए नहीं मिल रहे। इसके बाद प्रकाश का मोबाइल बंद हो गया। 8 जून को जयपुर लौटे सुरेश ने रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों के साथ उसे तलाशना शुरू किया और करधनी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। उसी दिन शाम करीब चार बजे एक चरवाहे ने गैल इंडिया, मनसारामपुरा के पीछे जंगल में शव पड़ा होने की सूचना दी। शव से कुछ दूरी पर प्रकाश की बाइक भी खड़ी मिली। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने कांवटिया अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। घटनास्थल पर शराब के खाली क्वार्टर और जहर की डिब्बी भी मिली थी। एसआई अभिषेक स्वामी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर शंकर यादव, अजय सहित चार लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया गया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि प्रकाश को योजना के तहत जयपुर बुलाया गया और उधार दिए रुपए वापस नहीं लौटाने के विवाद में उसकी हत्या की गई। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

## फौतगी और हक त्याग म्यूटेशन के लिए पटवारी ने मांगी 10 हजार की रिश्वत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जालोर जिले के भीनमाल तहसील क्षेत्र में जायज राजस्व कार्य के एवज में 10 हजार रुपए रिश्वत मांगने के आरोप में पटवारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपिया दांतीवास पटवार हल्का की पटवारी ललिता है। एसीबी के गोपनीय सत्यापन में रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई, हालांकि कार्रवाई की भनक लगने के कारण पटवारी रिश्वत की राशि नहीं ले सकी। एसीबी जालोर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मांगीलाल राठौड़ के अनुसार परिवादी ने एसीबी की टोल फ्री हेल्पलाइन 1064 पर शिकायत की थी। बाद में परिवादी ने उनके समक्ष लिखित शिकायत भी प्रस्तुत की। इसमें आरोप लगाया गया कि उसके दादाजी की मृत्यु के बाद फौतगी म्यूटेशन और भू-अधिकार हक त्याग म्यूटेशन भरने के एवज में पटवारी ललिता 10 हजार रुपए रिश्वत मांग रही है। शिकायत के बाद एसीबी जालोर इकाई ने रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान पटवारी द्वारा परिवादी के जायज कार्य के बदले 10 हजार रुपए रिश्वत मांगना पाया गया। हालांकि एसीबी कार्रवाई की भनक लगने के कारण पटवारी रिश्वत की राशि प्राप्त नहीं कर सकी। इसके बाद एसीबी जालोर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार कर प्रकरण दर्ज करने की अनुशंसा के साथ एसीबी मुख्यालय जयपुर को भेजी। रिपोर्ट के आधार पर एसीबी मुख्यालय ने पटवारी ललिता के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**दांता ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम सुरेरा में कुड़ियों का बास के पास रेनवाल जाने वाली सड़क पर अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने घायल को उपचार के लिए सुरेरा स्थित बालाजी हॉस्पिटल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को 112 पुलिस थाने की गाड़ी से दांता सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत को देखते हुए कुचामन रैफर कर दिया। घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा दांतारामगढ़ पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

# मतदान केन्द्रों, मतगणना स्थल पर व्यवस्थाओं का समय से पहले करें भौतिक सत्यापन : सुराणा

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अभिषेक सुराणा एवं पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने स्थानीय उपखंड कर्यालय में निकाय व पंचायती राज चुनाव की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। साथ ही स्ट्रॉन्ग रूम व मतगणना स्थल का किया अवलोकन। उपखंड कार्यालय में अधिकारियों की बैठक में नगर निकाय और पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव, 2026 को लेकर गतिविधियों की समीक्षा कर अधिकारियों को जिला कलक्टर ने निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए सभी संबंधित अधिकारी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरश: पालना सुनिश्चित करें। इसी के साथ सभी मतदान केन्द्रों एवं मतगणना स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं का समय रहते भौतिक सत्यापन किया जाए। विद्युत, पेयजल, प्रकाश, साफ-सफाई, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, सीसीटीवी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्वाचन संबंधी कार्यों में आपसी समन्वय बनाए रखते हुए प्रत्येक गतिविधि की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक



निश्यप्रसाद एम ने निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा ईवीएम एवं निर्वाचन सामग्री की सुरक्षा के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम एवं मतगणना स्थलों पर निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। इसी के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने सुजानगढ़ उपखंड मुख्यालय पर ईवीएम संग्रहण केन्द्र तथा मतगणना स्थल का अवलोकन कर संबंधित व्यवस्थाओं, ईवीएम की सुरक्षा एवं संधारण, स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा, परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रॉन्ग रूम की स्थिति, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं तथा कार्मिकों से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी दायित्वों को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निभाते हुए निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

एडीएम संतोष कुमार मीणा ने सुजानगढ़ व छापर क्षेत्र में कानून व सुरक्षा व्यवस्थाए निर्वाचन को लेकर विभागीय कार्यों, निरीक्षण, मॉनीटरिंग आदि की जानकारी दी। एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा ने निर्वाचन गतिविधियों व मशीनरी के प्रबंधन के बारे में अवगत करवाया। बैठक एवं निरीक्षण के दौरान तहसीलदार अर्जुनलाल, आयुक्त महेन्द्र सिंह चारण सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## शैक्षणिक उन्नयन परियोजना की दी जानकारी



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा में स्वंयसेवी संस्था सुप्रीम फाउंडेशन, जसवंतगढ़ द्वारा ब्लॉक में किये जा रहे शैक्षणिक उन्नयन परियोजना की दिशा में एक और नवाचार जिसका लक्ष्य राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्र में स्थित राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के लिए शिक्षा की गुणवता बढाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता तकनीक का लाभ प्रदान करना है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सन्दीप कुमार व्यास ने कहा कि इस का मुख्य उद्देश्य कम प्रदर्शन करने वाले बालकों पर ध्यान केन्द्रित किया जाना है साथ ही साथ प्रायोगिक कक्षाओं के यथा सम्भव ऑडियो-विजूअल के अनुभव के माध्यम से अर्जित किये गये ज्ञान को सुदृढ़ बनाना है। कार्यक्रम में सुरेश कुमार सांखोलिया, प्रधानाचार्य, सेठ बंशीधर जालान राउमावि, अन्जू खेड़ीवाल प्रधानाचार्य राउमावि राजलदेसर, चौथमल प्रधानाचार्य, राउमावि हुडेरा अगुणा, मोहनलाल प्रधानाचार्य, पीएमश्री यूनियन क्लब राबाउमावि, राजलदेसर एवं प्रधानाचार्य, राउमावि लाछड़सर उपस्थित हुए। उपस्थित प्रधानाचार्यो को पांच-पांच टेबलेट पीसी श्याम बाबू शर्मा मुख्य समन्वयक व आदित्य नारायण, समन्वयक सुप्रीम फाउंडेशन, जसवंतगढ़ द्वारा प्रदान किये गये। उपस्थित प्रधानाचार्यो ने अधिकाधिक सद्उपयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन भीष्म महर्षि एसीबीईओ ने किया।

## राष्ट्र सुरक्षा संवाद में युवाओं को फेक न्यूज और अफवाहों से बचने का संदेश



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं जन्म शताब्दी के दो वर्षीय आयोजनों की श्रृंखला के तहत जयपुर पुलिस आयुक्तालय की ओर से शुक्रवार को मानसरोवर स्थित मेट्रो रेल डिपो के ऑडिटोरियम में राष्ट्र सुरक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एनसीसी कैडेट्स और विभिन्न युवा संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त मेट्रो रेल सुशील कुमार ने युवाओं को सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर एकता, अनुशासन, साहस और राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जाति, भाषा और क्षेत्रीय भेदभाव से ऊपर उठकर देश की एकता और अखंडता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। संवाद के दौरान युवाओं को साइबर अपराध, सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक अफवाहों, फेक न्यूज, नशे के बढ़ते प्रभाव, संगठित अपराध और सामाजिक वैमनस्य जैसी चुनौतियों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए। किसी भी संदेश, फोटो या वीडियो को सत्यता की जांच किए बिना आगे शेयर नहीं करना चाहिए। एक गलत खबर या अफवाह समाज में शांति व्यवस्था बिगाड़ सकती है और गंभीर कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा कर सकती है। कार्यक्रम में यातायात प्रबंधन, अपराध नियंत्रण, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन राहत कार्यों में युवाओं की भूमिका पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने युवाओं से सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने और जरूरत के समय प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मेट्रो रेल थानाधिकारी मंजू तंवर सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। अंत में युवाओं से सरदार पटेल के सपनों का सशक्त, अखंड, अनुशासित और सुरक्षित भारत बनाने में सक्रिय योगदान देने की अपील की गई।

# सिर पर कलश, हाथों में मतदान का संदेश, महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** निकाय चुनाव से पहले मतदाताओं को जागरूक करने के लिए खेतड़ी में शुक्रवार को अनूठी पहल की गई। उपखंड प्रशासन की ओर से स्वीप अभियान के तहत महिलाओं ने सिर पर सजे कलश रखकर कलश यात्रा निकाली। यात्रा को एसडीएम सुनील कुमार चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा नगरपालिका कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। महिलाओं ने सिर पर सुसज्जित कलश धारण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। यात्रा के दौरान आमजन को लोकतंत्र में मतदान के महत्व की जानकारी दी गई और आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने का संदेश दिया गया।




### 'मतदान अधिकार ही नहीं, जिम्मेदारी भी'

एसडीएम सुनील कुमार चौहान ने कहा कि 'चुनाव पर्व, देश का पर्व' है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हर मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण है। मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। पात्र मतदाताओं को बिना किसी दबाव या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया।

### प्रशासनिक अधिकारी और महिलाएं रहीं मौजूद

कलश यात्रा के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, नगरपालिका कार्मिकों और महिलाओं ने आमजन तक मतदान जागरूकता का संदेश पहुंचाया। क्षेत्रवासियों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर तहसीलदार सुभाषचंद्र, ईओ नागरमल गुर्जर, जेईएन नागेंद्र कुमार, संदीप शर्मा, एसआई सुनील सैनी, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार, सुरेश कुमार, कमला देवी, सुनीता, किरण, सपना, संजू, रामकला और सरोज देवी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## जेडीए की बैंक बिल्डिंग में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**जयपुर ( नवयत्न )।** जेडीए परिसर में शुक्रवार को बैंक बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर विद्युत पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। अचानक हुए तेज धमाके और धुएं के कारण कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के कमरों में बैठे कर्मचारी तुरंत बाहर निकल आए। धुआं दूसरी मंजिल तक पहुंचने से वहां काम कर रहे कर्मचारियों को भी बाहर आना पड़ा। जानकारी के अनुसार घटना फर्स्ट फ्लोर स्थित कमरा नंबर 101 में हुई। कमरे में लगे विद्युत पैनल में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और तेज धमाके के साथ धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते धुआं ऊपर की ओर फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिसर में मौजूद लोगों में भी हलचल बढ़ गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण विद्युत पैनल में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि पैनल में खराबी किस कारण हुई और आग कैसे लगीए इसका पता जांच के बाद ही चल सकेगा। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने भी मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

# महनसर-भीखनसर गांव में पहली बार रोडवेज पहुंची, ग्रामीणों ने किया स्वागत

निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** महनसर और भीखनसर गांव में शुक्रवार को पहली बार रोडवेज बस पहुंची तो ग्रामीणों की खुशी देखते ही बनी। चूरू आगार की बस के पहुंचने पर ग्रामीणों ने चालक-परिचालक का साफा, शॉल और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। बस के मडगार्ड पर स्वास्तिक बनाकर ग्रामीणों ने बस सेवा के नियमित संचालन की कामना की और लड्डू खिलाए। नई रोडवेज सेवा शुरू होने से महनसर और भीखनसर के ग्रामीणों को जयपुर, सीकर, नवलगढ़ और मंडावा जाने के लिए सीधी परिवहन सुविधा मिल गई है। महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को किराए में छूट मिलेगी। निजी बसों की तुलना में रोडवेज का किराया भी कम है। बस सुबह 7.05 बजे चूरू से रवाना होकर 8 बजे महनसर पहुंची। पहले दिन महनसर से 20 से अधिक यात्रियों ने टिकट लेकर सफर किया। महनसर से भीखनसर होते हुए बस जयपुर जाएगी। स्वागत करने वालों में गोविंद प्रसाद खेतान, मुस्ताक खान, खानू खान, जगदीश कसवा, महेंद्र सिंह शेखावत, नवाब खान, उम्मेद सिंह गौड़, सरोज सिंह, रोहित चौधरी, इकबाल खान, असगर खान, असलम चेजारा, त्रिलोक टेलर, हेमंत सर्वा, जब्बार नाई, सब्बीर खान, मुकेश, बाबूलाल प्रजापत और लियाकत खान सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### 15 रुपए की जगह अब 5 रुपए किराया

ग्रामीणों के अनुसार बिसाऊ से महनसर की करीब 5 किलोमीटर दूरी के लिए निजी बस में 15 रुपए किराया देना पड़ता था। अब रोडवेज में यही सफर 5 रुपए में होगा। इससे ग्रामीणों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, छोटे दुकानदारों, पशु कारोबारियों और रोजाना आवागमन करने वालों को फायदा मिलेगा।

### पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद

ग्रामीण भंवरलाल सर्वा ने बताया कि रोडवेज सेवा शुरू होने से महनसर और मंडावा में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जयपुर व अन्य शहरों में रहने वाले प्रवासियों, परीक्षा देने जाने वाले विद्यार्थियों, महिलाओं, दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों को भी सुविधा मिलेगी। पर्यटन विशेषज्ञ राजेश शर्मा ने कहा कि बस सेवा को नियमित बनाए रखने के लिए ग्रामीणों को अधिक से अधिक रोडवेज से सफर करना होगा। पर्याप्त यात्री नहीं मिलने पर सेवा बंद होने का खतरा भी रहता है।



### भीखनसर में भी हुआ स्वागत

बस महनसर से भीखनसर पहुंची तो प्रशासक सरपंच शीशराम चौधरी और ग्रामीणों ने परिचालक सुनिता का साफा पहनाकर स्वागत किया। सरपंच ने बताया कि बस भीखनसर होते हुए जयपुर जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों गांवों को पहली बार रोडवेज सेवा मिलना महादेव सिंह चौधरी के प्रयासों का परिणाम है।

## डांगावास कांड में आरोपियों के बरी होने के विरोध में आजाद का शहीद स्मारक पर प्रदर्शन



**जयपुर ( नवयत्न )।** नागौर के डांगावास में वर्ष 2015 में हुए हत्याकांड में 40 आरोपियों के बरी होने के विरोध में भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने शुक्रवार को जयपुर के शहीद स्मारक पर प्रदर्शन किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में दलित समाज के लोग शामिल हुए। चंद्रशेखर आजाद ने शहीद स्मारक से विधानसभा कूच की तैयारी की, जिसे देखते हुए पुलिस ने मौके पर भारी जाब्ता तैनात किया। शहीद स्मारक के बाहर बैरिकेडिंग की गई और ड्रोन से निगरानी रखी गई। इसके बाद चद्रशेखर समर्थकों के साथ स्मारक के बाहर धरने पर बैठ गए, जबकि एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से वार्ता के लिए भेजा गया। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि डांगावास की घटना ऐसे गहरे जख्मों में शामिल है, जो लंबे समय तक तकलीफ देते हैं। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी सीबीआई भी मामले में पर्याप्त सबूत नहीं जुटा पाई। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसा क्यों हुआ। आरोपियों के बरी होने पर उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से मजबूत पैरवी के लिए सरकारी वकील नियुक्त किए जा सकते थे, जिससे पीड़ितों को न्याय मिल पाता। चंद्रशेखर ने कहा कि डांगावास जैसी घटना दोबारा नहीं हो, इसके लिए सामंती सोच को खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र है और इसमें सभी को समान अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने घोषणा की कि डांगावास से जयपुर तक पैदल यात्रा की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे संसद में भी इस मामले को उठाने वाले थे, लेकिन सदन नहीं चल सका। उन्होंने पीड़ितों के न्याय के लिए आंदोलन जारी रखने की बात कही। गौरतलब है कि 14 मई 2015 को नागौर के डांगावास में जमीन विवाद को लेकर हिंसक घटना हुई थी। इसमें रतनाराम मेघवाल, पोखरराम मेघवाल, पांचाराम मेघवाल, खेमाराम मेघवाल और गणपतराम मेघवाल सहित अन्य लोगों की हत्या हुई थी। दूसरे पक्ष के रामपाल गोसाई की भी मौत हुई थी। इनमें तीन लोगों की मौत ट्रैक्टर से कुचलने के कारण हुई थी। मामले की जांच बाद में सीबीआई को सौंपी गई थी।

# 15.36 लाख का नकली सोना बेचकर ठगी, गुजरात में डेरा डालकर दो आरोपियों को पकड़ा

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** पैतृक गहने बताकर 135 ग्राम का नकली सोने का नेकलेस बेचकर 15.36 लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का चिड़ावा पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों सोलंकी अमित (30) और राठौड़ अनिल भाई (33) को अहमदाबाद, गुजरात से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पीड़ित को झांसा दिया था कि वे पाली जिले के फालना के रहने वाले हैं और चिड़ावा क्षेत्र में जेसीबी चलाते हैं। परिवार में बीमारी के चलते रुपए की जरूरत बताकर उन्होंने पैतृक गहना बेचने की बात कही थी। पीड़ित ने 9 जुलाई को नेकलेस को 11,380 रुपए प्रति ग्राम के हिसाब से 15 लाख 36 हजार 300 रुपए में खरीद लिया। बाद में सुनार से जांच कराने पर पता चला कि नेकलेस सोने का नहीं, बल्कि दूसरी धातु का था, जिस पर सोने की परत चढ़ी थी। इसके बाद 21 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश में नागौर, जालौर, सांचौर और अहमदाबाद में दबिश दी। अहमदाबाद में डेरा डालकर तलाश के बाद दोनों को डिटेन किया गया। पूछताछ में जुर्म साबित होने पर 20 अगस्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपियों से ठगी की रकम और वारदात में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है।

# पांच हजार का ईनामी आरोपी अंकित गिरफ्तार, केस वापस नहीं लेने पर दी थी धमकी

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** पुलिस थाना मेहाड़ा ने कार्रवाई करते हुए पांच हजार रुपए के वांछित इनामी आरोपी अंकित पुत्र इंद्राज निवासी दुधवा को गिरफ्तार किया है। आरोपी की तलाश में पुलिस ने क्षेत्र के साथ हरियाणा सीमा से लगते संभावित ठिकानों पर भी दबिश दी थी। पुलिस के अनुसार एक परिवादिया ने रिपोर्ट दी थी कि अंकित मोटरसाइकिल से उसकी दुकान पर आया और रास्ते में बाइक खड़ी कर दुकान में घुस गया। आरोप है कि उसने केस वापस लेने की धमकी देते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की बात कही। परिवादिया ने रिपोर्ट में अपने और परिवार की जान को खतरा बताया था। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।


### सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तकनीकी मदद से तलाश

मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाधिकारी रामनारायण चोयल के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश में आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके साथ ही तकनीकी माध्यमों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी के संभावित ठिकानों की जानकारी जुटाई गई। पुलिस ने मेहाड़ा थाना क्षेत्र के साथ हरियाणा सीमा से लगते इलाकों में भी संभावित स्थानों पर दबिश दी। लगातार तलाश के बाद पुलिस ने आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर लिया।

### इनकी रही भूमिका

कार्रवाई थानाधिकारी रामनारायण चोयल के नेतृत्व में की गई। टीम में सहायक एएसआई कल्याण सिंह, कांस्टेबल रोहिताश , संदीप, महेंद शामिल रहे। पुलिस के अनुसार एएसआई कल्याण सिंह का कार्रवाई में विशेष योगदान रहा।

# जाखल तीज मेले में उमड़ रही भीड़, रोजाना भंडारा सेवा



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** जाखल तीज मेले को शुरू हुए आठ दिन हो चुके हैं, लेकिन मेले की रौनक अब भी बरकरार है। शाम होते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग मेला परिसर पहुंच रहे हैं। भीड़ के कारण देर रात तक मेले में चहल-पहल बनी रहती है। मेले में खान-पान की कई स्टॉल लगी हैं। यहां लोग तरह-तरह के व्यंजनों का स्वाद ले रहे हैं। महिलाओं के लिए कपड़े, घरेलू उपयोग की सामग्री, सजावटी सामान और अन्य जरूरत का सामान उपलब्ध है। बच्चों के मनोरंजन से लेकर युवाओं के रोमांच और महिलाओं की खरीदारी तक मेले में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ आकर्षण है। मेला अध्यक्ष रामदीन कुमावत ने बताया कि जाखल तीज मेले को लेकर लोगों में लगातार उत्साह बना हुआ है। मेले में मनोरंजन, खरीदारी और खान-पान की व्यवस्थाएं की गई हैं। सावन कृपाल रुहानी मिशन दर्शन आश्रम की ओर से मेले में रोजाना भंडारा सेवा भी संचालित की जा रही है। आसपास के गांवों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग मेले में पहुंच रहे हैं।

# भागवत कथा के समापन पर हवन में दी आहुतियां, भजनों पर झूमे श्रद्धालु



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** तोगड़ा स्वरूप सिंह में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को समापन हुआ। अंतिम दिन कथावाचक पंडित अजय मिश्रा ने परीक्षित मोक्ष और सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। उन्होंने मित्रता और निस्वार्थ भाव से सेवा करने का संदेश दिया। कथा के दौरान 'अरे! द्वारपालों कन्हैया से कह दो...' भजन पर श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे और नृत्य किया। कथा समापन के अवसर पर सुबह हवन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य यजमान बाबूलाल मीणा, नरेंद्र सिंह शेखावत, विजेंद्र सिंह, रामावतार मीणा, जयकृष्ण और अंबिकाचरण शास्त्री ने सपत्नीक आहुतियां दीं। श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की।

# शेखावाटी विवि में रिसर्च का दायरा बढ़ा, 10 नए पीएचडी गाइड नियुक्त

## झुंझुनूं के चार, सीकर और नीमकाथाना जिले के छह शिक्षकों को किया शामिल

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर ने नए शोध पर्यवेक्षकों (पीएचडी गाइड) की सूची जारी की है। विश्वविद्यालय ने विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत 10 असिस्टेंट प्रोफेसरों को अलग-अलग विषयों में शोधार्थियों के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी दी है। नई सूची में राजकीय महाविद्यालय खेतड़ी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जयप्रकाश गर्ग को एबीएसटी (अकाउंटेंसी एंड बिजनेस स्टेटिस्टिक्स) विषय में शोध पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। अब इस विषय में पीएचडी करने वाले शोधार्थी उनके मार्गदर्शन में शोध कर सकेंगे। डॉ. गर्ग शिक्षण और अकादमिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। इसके साथ ही वे जादू कला के क्षेत्र में भी पहचान रखते हैं। शोध पर्यवेक्षक बनने से खेतड़ी और आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर शोध मार्गदर्शन मिल सकेगा। विश्वविद्यालय की सूची में झुंझुनूं जिले के चार महाविद्यालयों के शिक्षकों को शोध पर्यवेक्षक बनाया गया है। इनमें राजकीय कन्या महाविद्यालय झुंझुनूं की डॉ. रोहिताश्व कुमार को इतिहास, एसएनएमटी राजकीय कन्या महाविद्यालय के डॉ. राजवीर सिंह को इतिहास और एसआरआरएम राजकीय महाविद्यालय के डॉ. वेदप्रकाश को राजनीति विज्ञान विषय में शोध पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### सीकर और नीमकाथाना के शिक्षक भी शामिल

**सीकर और नीमकाथाना जिले के महाविद्यालयों से भी छह असिस्टेंट प्रोफेसरों को शोध पर्यवेक्षक बनाया गया है। इनमें एसके राजकीय कन्या महाविद्यालय सीकर की डॉ. बबिता और डॉ. डिंपल कुमारी को समाजशास्त्र, डॉ. नरेश चेजारा को भौतिक विज्ञान और डॉ. मैना को संस्कृत विषय में शोध पर्यवेक्षक बनाया गया है। राजकीय कला महाविद्यालय सीकर के डॉ. पाणिनि नीमर को भूगोल तथा एसएनकेपी राजकीय महाविद्यालय नीमकाथाना के डॉ. अनूप कुमार को वनस्पति विज्ञान विषय में शोध पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।**

### शोधार्थियों को मिलेगा बेहतर मार्गदर्शन

**शोध पर्यवेक्षक पीएचडी शोधार्थियों को शोध विषय और शोध योजना तय करने से लेकर शोध पद्धति, सामग्री के विश्लेषण और थीसिस तैयार करने तक मार्गदर्शन देते हैं। नई नियुक्तियों से शेखावाटी क्षेत्र में शोध गतिविधियों को बढ़ावा मिलने और पीएचडी करने वाले विद्यार्थियों को अधिक विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिलने की उम्मीद है।**



# टिकट के लिए ओला के कार्यालय में दावेदारों की कतार, दिनभर चला मुलाकातों का दौर

संजय सोनी





**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** नगर परिषद के 60 वार्डों में पार्षद टिकट को लेकर कांग्रेस में हलचल तेज हो गई है। शुक्रवार को माननगर सांसद बृजेंद्र सिंह ओला के कार्यालय में टिकट के दावेदारों की भीड़ रही। विभिन्न वार्डों से दावेदार अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और टिकट के लिए अपनी दावेदारी पेश की। सांसद पुत्र एवं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे अमित ओला ने वार्डवार दावेदारों से मुलाकात की।

उन्होंने संबंधित वार्ड की राजनीतिक स्थिति, स्थानीय मुद्दों, जनसमर्थन और संभावित प्रत्याशियों के बारे में फीडबैक लिया। दावेदारों ने भी अपने पक्ष में तर्क रखते हुए चुनाव जीतने की संभावनाएं बताईं। कई वार्डों में एक से अधिक दावेदार सामने आने से कांग्रेस के सामने टिकट वितरण की चुनौती बढ़ गई है। ऐसे में पार्टी स्तर पर वार्डवार फीडबैक जुटाया जा रहा है। दावेदारों की सक्रियता से शहर की चुनावी राजनीति भी गरमाने लगी है।

### शनिवार को सांसद बृजेंद्र ओला से हो सकता है मंथन

सूत्रों के अनुसार, शनिवार को सांसद बृजेंद्र सिंह ओला के झुंझुनूं आने का कार्यक्रम है। ऐसे में अमित ओला की ओर से शुक्रवार को जुटाए गए फीडबैक पर सांसद के साथ चर्चा होने की संभावना है। वार्डवार दावेदारों की स्थिति, स्थानीय समीकरण और जीत की संभावनाओं पर मंथन के बाद पार्टी की रणनीति तय हो सकती है। टिकट की अंतिम घोषणा से पहले कांग्रेस में चल रही यह कवायद चुनावी माहौल के गरमाने का संकेत दे रही है। अब नजर इस बात पर है कि पार्टी 60 वार्डों में किन चेहरों पर दांव लगाती है।

# झुंझुनूं से जैसलमेर रेल की राह खुली, रुणिचा एक्सप्रेस का किया स्वागत



संजय सोनी

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** झुंझुनू के रेल इतिहास में शुक्रवार को एक नया अध्याय जुड़ गया। पहली बार झुंझुनू से जोधपुर-जैसलमेर के लिए नियमित रेल सेवा शुरू होने पर दिल्ली जंक्शन-जैसलमेर रुणिचा एक्सप्रेस के झुंझुनूं स्टेशन पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। ट्रेन संख्या 14087 दिल्ली जंक्शन-जैसलमेर रुणिचा एक्सप्रेस के झुंझुनूं पहुंचते ही यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों में उत्साह नजर आया। शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में जिला पर्यावरण सुधार समिति के निदेशक राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता रही, जबकि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला युवा चेयरमैन सीए लोकेश अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। समिति पदाधिकारियों एवं उपस्थित लोगों ने ट्रेन के लोको पायलट, ट्रेन प्रबंधक तथा स्टेशन प्रबंधक का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर नई रेल सेवा के शुभारंभ की खुशी मनाई। इस अवसर पर भारतीय मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मनोज सिंह टीकेएन, अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार हलवाई तथा युवा समाजसेवी मुकेश कुमार जांगिड़ ने झुंझुनूं को जोधपुर-जैसलमेर से जोड़ने वाली इस नई रेल सुविधा के लिए रेलमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि नई रेल सेवा से झुंझुनूं सहित पूरे शेखावाटी क्षेत्र के यात्रियों को पश्चिमी राजस्थान के प्रमुख धार्मिक, पर्यटन एवं व्यापारिक केंद्रों तक सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के प्रयासों से लंबे समय से उठाई जा रही रेल सुविधाओं की मांगों के बीच रुणिचा एक्सप्रेस का झुंझुनूं होकर संचालन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इससे झुंझुनूं के यात्रियों को जोधपुर और जैसलमेर की ओर आवागमन के लिए नई सीधी रेल सुविधा उपलब्ध हुई है। विशेष रूप से जैसलमेर और जोधपुर जाने वाले यात्रियों, पर्यटकों तथा व्यापारियों को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। स्वागत कार्यक्रम में अनिल शर्मा, विनोद खन्ना, चन्द्रप्रकाश धूपिया, फैयाज अहमद खान नूआं, मांगीलाल सेन, मोहनलाल पुरोहित, संजय बिलोटिया, मनीष बगड़िया, चन्द्रप्रकाश जालान एवं पवन कुमार जांगिड़ सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

नई रेल सेवा शुरू होने के अवसर पर स्टेशन पर उत्साह का माहौल रहा और उपस्थित लोगों ने इसे झुंझुनूं के रेल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए भविष्य में भी क्षेत्र के लिए और अधिक रेल सुविधाएं शुरू करने की मांग दोहराई।

# पार्सल वाहन में सोफा-अलमारी के पीछे छिपाकर ले जा रहे थे 20 लाख की शराब

## निकाय चुनाव से पहले शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई, नाकाबंदी में 148 पेटी शराब पकड़ी

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** नगरीय निकाय चुनाव-2026 को लेकर पुलिस की सख्ती के बीच पिलानी में अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई। पुलिस ने मंड्रेला-पिलानी रोड पर नाकाबंदी कर चंडीगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब के 148 कार्टन बरामद किए। शराब को बंद बॉडी पिकअप में पुराने सोफा सेट और लोहे की अलमारी के पीछे छिपाकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने पिकअप जब्त कर हरियाणा निवासी प्रवीण (30) को गिरफ्तार किया है। शराब और वाहन की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई गई है।

नगरीय निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए पुलिस की ओर से अवैध शराब और अन्य गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाई गई है। इसी दौरान 21 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि मंड्रेला से पिलानी की ओर एक बंद बॉडी पिकअप में शराब ले जाई जा रही है। पुलिस टीम ने तुरंत मंड्रेला-पिलानी रोड पर नाकाबंदी की और संदिग्ध पिकअप को रोक लिया।

### घरेलू सामान की आड़ में छिपाई शराब

तलाशी के दौरान पिकअप के पिछले हिस्से में पुराने सोफा सेट और लोहे की अलमारी रखी मिली। इन्हें गत्ते और टेप से कवर किया गया था। सामान हटाने पर पीछे शराब के 148 कार्टन मिले। चालक के पास शराब परिवहन का कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं था। पुलिस के अनुसार आरोपी शराब को हरियाणा सीमा से राजस्थान होते हुए गुजरात ले जा रहा था। पुलिस की चेकिंग से बचने के लिए घरेलू सामान की आड़ तैयार की गई थी। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में अनुसंधान जारी है।



# एसएस मोदी के विद्यार्थी चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर उदयपुर रवाना

सुरेंद्र शर्मा

झुंझुनूं (नवयत्न)। गौरव पथ स्थित एसएस मोदी विद्या विहार के कक्षा 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों का चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। विद्यार्थी उदयपुर, हल्दीघाटी और राजसमंद के ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर इनके इतिहास और संस्कृति की जानकारी लेंगे। विद्यालय के प्राचार्य विजय मसीह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए और भ्रमण दल को रवाना किया। उन्होंने कहा कि कक्षा की पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों को खुले वातावरण में सीखने का अवसर भी मिलना चाहिए। भ्रमण के दौरान विद्यार्थी महाराणा प्रताप से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों और मेवाड़ के इतिहास को करीब से जानेंगे। विद्यार्थी सिटी पैलेस, पिछोला झील, सहेलियों की बाड़ी, फतेह सागर झील, शिल्पग्राम, हल्दीघाटी, श्रीनाथजी मंदिर, स्टैच्यू ऑफ बिलीफ सहित राजसमंद के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। विद्यार्थी भ्रमण को लेकर काफी उत्साहित नजर आए। भ्रमण दल का नेतृत्व मीना आर्य, जितेंद्र दाधीच, कमलकांत और पूनम कर रहे हैं। मुंबई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गिलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी और कनिका मोदी तथा विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

# पूछताछ में उगला राज, पहाड़ में छिपा रखा था कट्टा, तीन जिंदा कारतूस भी मिले

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** कोतवाली पुलिस ने एक पूर्व मामले में गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के दौरान अवैध हथियार का खुलासा होने पर देशी कट्टा और 3 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी ने हथियार को मोड़ा पहाड़ के कच्चे रास्ते पर छिपाकर रखा था। पुलिस ने आरोपी सचिन उर्फ सेठी (26) निवासी अहिरों की ढाणी, तन सोनासर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में नया मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 20 अगस्त को पूर्व में दर्ज मामले में गिरफ्तार सचिन से पूछताछ की गई। इस दौरान उसने अपने पास हथियार होने की बात कबूल की।

# आज पौधा लगाएंगे, कल हरियाली पाएंगे, वन महोत्सव में एक हजार पौधे लगाए

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** हरियालो राजस्थान अभियान के तहत शुक्रवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज, समसपुर में जिला स्तरीय वन महोत्सव हुआ। वन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में एक हजार छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में अधिकारियों, विद्यार्थियों और आमजन ने पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। पेड़ ऑक्सीजन देने के साथ जैव विविधता और जल संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाते हैं।

पौधे लगाने के साथ उनका संरक्षण करना भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप वन संरक्षक काविया वी ने की। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव केवल पौधारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संकल्प है। उन्होंने वन विभाग की योजनाओं और जनभागीदारी से चलाए जा रहे पर्यावरण अभियानों की जानकारी दी।

### अधिकारियों और विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एसपी कावेंद्र सिंह सागर रहे। जिला परिषद के सीईओ परशुराम धानका, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार नारनौलिया, एसडीएम रामकरण सिंह, नगर परिषद आयुक्त राकेश कुमार, सीएमएचओ छोटेलाल गुर्जर, पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बेहतर काम करने वाले कार्मिक और पर्यावरण प्रेमी सम्मानित

अवैध खनन और गैर-वानिकी गतिविधियों की रोकथाम में बेहतर कार्य के लिए वनपाल शाहबुद्दीन खान और विजेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए वाहन चालक अमरचंद और महिपाल सिंह को प्रशस्ति दी गई। पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता में योगदान के लिए पत्रकार एवं पर्यावरण प्रेमी गोपाल कृष्ण शर्मा, राजेंद्र सैन, राजेश अग्रवाल और संजय शर्मा को सम्मानित किया गया। हरियालो राजस्थान अभियान में उल्लेखनीय कार्य के लिए उद्यानिकी विभाग के उप निदेशक डॉ. विजयपाल कस्वां और सीओ स्काउट महेश कलावत को भी सम्मानित किया गया।



# जवाबदेही से दूर होते जनप्रतिनिधि



प्रति मिनट की कार्यवाही पर करीब ढाई लाख रुपये के खर्च की बर्बादी के पुराने आंकड़े दोहराते हुए संसद की गिरती उत्पादकता पर फिर चिंता जताई जा रही है। मानसून सत्र में मात्र 19 प्रतिशत कामकाज ही हो पाया और 173 कार्य घंटे बर्बाद हो गए। दो महत्वपूर्ण विधेयक मात्र 14 मिनट की चर्चा में पारित कर दिए गए तो 11 बिना किसी चर्चा के। जाहिर है कि संसद में काम कम हुआ और हंगामा ज्यादा तो उसके लिए कोई जिम्मेदार भी होना ही चाहिए। हमारी संसदीय राजनीति में हंगामे के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराने की परंपरा रही है। बेशक हंगामे की शुरुआत अक्सर विपक्ष की ओर से ही होती है, मगर अकारण तो कुछ भी नहीं होता। किसी भी समस्या का समाधान उसके कारणों के निवारण की मांग करता है, लेकिन हम कारणों से ही मुंह चुरा लेने के अभ्यस्त हो चले हैं। विपक्ष और सत्तापक्ष की भूमिकाएं बदलते ही भाव–भंगिमाएं बदल जाना गैर–जिम्मेदार और अवसरवादी राजनीति ज्यादा है।

2014 से पहले नेता–प्रतिपक्ष सुषमा स्वराज और अरुण जेटली सदन चलाना सत्तापक्ष
की जिम्मेदारी तथा संसदीय गतिरोध को भी संसदीय राजनीति का संवैधानिक उपकरण बताते थे, पर सत्ता पाने के बाद भाजपा का सोच बदल गया। तब संसदीय गतिरोध के लिए भाजपा को कठघरे में खड़ा करने वाली कांग्रेस अब अपनी वैसी ही भूमिका को सर्वथा लोकतांत्रिक ठहरा रही है। संसदीय गतिरोध और उसके जरिये सड़क की राजनीति का एजेंडा तय करने की प्रवृत्ति नई नहीं है, लेकिन उसका लगातार बढ़ते जाना खतरनाक है। पहले जो विरोध वैचारिक या मुद्दा आधारित होता था, अब वह दलगत रंजिश में बदल गया लगता है। इसी कटुता का परिणाम और प्रभाव है कि एक–दूसरे पर टिप्पणी करते हुए भाषाई मर्यादा भी तार–तार की जा रही है।

संसद के मानसून सत्र जैसा हंगामा पहली बार नहीं हुआ। नरसिंह राव के प्रधानमंत्रित्वकाल में हर्षद मेहता कांड पर भी संसद में ऐसे ही दृश्य देखे गए थे। मनमोहन सिंह के समय टू–जी स्पेक्ट्रम और कोयला घोटाले पर संसद कई दिनों तक ठप रही थी। तब कांग्रेस सत्ता में थी और भाजपा विपक्ष में। वह राष्ट्र हित था और यह राष्ट्र विरोध। ऐसा अतार्किक सोच दलों–नेताओं का हो सकता है, जनता का नहीं। इस बार तो हंगामे का संकेत सत्र की शुरुआत के साथ ही मिल गया था। नीट–यूजी पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर काकरोच जनता पार्टी के बैनर तले छात्र एवं युवा जंतर–मंतर पर प्रदर्शन कर रहे थे। मानसून सत्र के पहले ही दिन 20 जुलाई को संसद मार्च का एलान भी किया जा चुका था।

सरकार की विलंबित सक्रियता का भी परिणाम रहा कि संसद मार्च के दौरान हिंसा हुई और धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बावजूद बाद के घटनाक्रम और उसके चलते हुए राजनीतिक नुकसान से नहीं बचा जा सका। सरकार की उसी नाकामी से विपक्ष के हाथ ऐसा मुद्दा लग गया, जिसने सत्तापक्ष को रक्षात्मक मुद्रा में धकेल दिया। जब उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों के विधानसभा चुनाव चंद महीने ही दूर हैं, तब विपक्ष उस मुद्दे को हाथ से कैसे चले जाने देता, जिसने उसे उस 'जेन जी' के हितों का चैंपियन बनने का मौका दे दिया, जो आगामी चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकता है और जिसका समर्थन हाल तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बड़ी ताकत रही? फिर एक इस्तीफे पर ही न रुक जाने की आक्रामक राजनीति भी विपक्ष ने भाजपा से ही सीखी है। मनमोहन सिंह के दौर में तमाम आरोपों के आधार पर ही भाजपा ने एक के बाद एक मंत्रियों के इस्तीफे करवाए थे। इसलिए धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद विपक्ष के निशाने पर गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी को आना ही था। संसदीय गतिरोध में भी समाधान का रास्ता निकालने की कवायद सदन के सभापति और संसदीय कार्य मंत्री कर सकते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि इन दोनों के भी विपक्ष से संबंध सहज नहीं। राजीव गांधी के प्रधानमंत्रित्वकाल में शुरू हुई संसद में 'हल्ला ब्रिगेड' की खतरनाक परंपरा तोड़ने की जरूरत किसी ने भी नहीं महसूस की। आज भी सदन में दोनों ही ओर हंगामेबाजों की कमी नहीं, लेकिन यदि संसदीय कार्य मंत्री भी उसी ब्रिगेड का सदस्य बनते दिखें तो विपक्ष से संवाद की पहल कौन करेगा? पिछली लोकसभा में विपक्षी सांसदों के रिकार्ड निलंबन के बाद से स्पीकर ओम बिरला भी विपक्ष का विश्वास लगभग खो चुके हैं। सत्रावसान के बाद उनकी चाय पार्टी का भी विपक्ष ने बहिष्कार किया। जाहिर है, यह सब संसदीय लोकतंत्र की सुखद तस्वीर पेश नहीं करता, लेकिन क्या आपको किसी के चेहरे पर शिकन भी नजर आती है? नहीं, क्योंकि संसद चलने न चलने से न सत्तापक्ष को फर्क पड़ता है और न ही विपक्ष को। बिना बहस और जवाबतलबी के विधेयक पारित हो जाएं तो सत्तापक्ष के लिए इससे बेहतर स्थिति क्या हो सकती है? दोनों ही सदनों में विपक्ष को भी संसद से बाहर सड़क और चुनाव की राजनीति के लिए अपने मुद्दों को धार देने का मौका मिल ही रहा है। दोनों ही एक–दूसरे को अलोकतांत्रिक बता रहे हैं, पर कौन कितना लोकतांत्रिक है, वह जनता बखूबी जानती है।

दोनों सदनों के लगभग साढ़े सात सौ सांसदों के वेतन–भत्तों और सुख–सुविधाओं पर भी तो करदाताओं की गाढ़ी कमाई ही खर्च होती है। अगर ये सांसद संसदीय कार्यवाही और चर्चा की अपनी प्राथमिक संवैधानिक जिम्मेदारी का निर्वाह ही ठीक से नहीं कर रहे तो आखिर और क्या ही करते होंगे? महिला आरक्षण के नाम पर लोकसभा की सदस्य संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करने की कवायद हंगामे के चलते इस सत्र में तो सिरे नहीं चढ़ पाई, पर क्या उससे हमारी संसद ज्यादा जिम्मेदार और जवाबदेह हो जाएगी? आधी आबादी से न्याय की प्रतिबद्धता पर बहस की गुंजाइश नहीं, लेकिन संसद के जनता के प्रति जवाबदेही से विमुख होते जाने से उठने वाले सवालों का जवाब तो मिलना ही चाहिए।

# ताकि बचा रहे बचपन

किशोरों और बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यूरोप के कई देशों ने पंद्रह या सोलह साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर पाबंदी लगानी शुरू कर दी है। इसका अगुआ होने का श्रेय ऑस्ट्रेलिया को है, जिसने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के इंस्टाग्राम, फेसबुक, टिकटॉक, एक्स यानी ट्विटर और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्मों के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी है। इसी तरह फ्रांस ऐसा कानून बनाने वाला यूरोप का पहला देश हो गया है। वहां की संसद ने पंद्रह साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने का कानून पारित कर दिया है। हालांकि यह कानून खटाई में पड़ गया है। फ्रांस के सर्वोच्च न्यायालय ने इस कानून को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन माना है। अदालत का कहना है कि नाबालिगों पर प्रतिबंध लगाने के चक्कर में यह कानून असल में हर नागरिक पर सोशल मीडिया का उपयोग करने से पहले अपनी उम्र साबित करने का दबाव बनाता है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैंक्रो इस इस कानून के प्रबल समर्थक हैं। अदालत के फैसले के बाद उन्होंने कहा है कि इस कानून को लागू करने के लिए अदालती फैसले के मद्देनजर जरूरी सुधार करके फिर से इसे संसद से पारित कराया जाएगा।

फ्रांस के इस फैसले से स्पष्ट है कि वह किशोरों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर लगाम लगाने के लिए पीछे नहीं हटने जा रहा है। जिस पश्चिमी दुनिया में सोशल मीडिया का आविष्कार हुआ, जिन्होंने कभी अरब देशों में क्रांति के लिए सोशल मीडिया की सराहना की थी, अब उन्हें ही यह माध्यम अपने ही बच्चों का दुश्मन लगने लगा है। इसकी वजह है, वहां के बच्चों और किशोरों का बिगड़ता मानसिक स्वास्थ्य और पढ़ाई का गिरता स्तर। इसकी वजह से अमेरिका तक में सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ लोगों में नाराजगी दिख रही है। प्रसिद्ध न्यूज एजेंसी रायटर्स ने आईपोस कंपनी के साथ हाल ही में एक सर्वे किया है। इसमें शामिल 61 फीसद लोगों ने कहा कि सोशल मीडिया कंपनियों पर सरकार को और सख्त निगरानी रखनी चाहिए। इस सर्वे में शामिल 66 प्रतिशत लोग तो 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए उम्र के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया लागू करने पर जोर दिया है। वैसे अमेरिका के फ्लोरिडा जैसे कुछ राज्यों में चौदह साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक है।

दुनियाभर में बच्चों और किशोंरों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक के लिए उनके मानसिक स्वास्थ्य में आ रही गिरावट और बढ़ते मानसिक तनाव को जिम्मेदार माना जा रहा है। कई शोधों से पता चला है कि लगातार स्क्रीन देखने और सोशल मीडिया के इस्तेमाल से बच्चे दूसरों की लाइफस्टाइल से खुद की तुलना करने लग रहे हैं।

इससे उनमें हीन भावना, तनाव और डिप्रेशन बढ़ रहा है। इसकी वजह से उनकी नींद में कमी हो रही है। देर रात तक फोन चलाने के कारण भी बच्चों की सोने की आदत बिगड़ रही है। इससे उनमें चिड़चिड़ाहट बढ़ रही है। जिससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। जानकारों का मानना है कि सोशल मीडिया ऐप्स का अलगोरिदम ऐसा है, जिससे बच्चे ही नहीं, बड़े भी उसके लत का शिकार हो रहे हैं. इससे वे स्क्रीन के आदी हो रहे हैं। कई बार कम उम्र के बच्चों के सामने आत्महत्या, हिंसा या उम्र के हिसाब से गलत



सामग्री भी आती है। वैसे सोशल मीडिया का अलगोरिदम ऐसा है कि नकारात्मक, हिंसा प्रधान और सेक्स से जुड़ी खबरें और दृश्य जल्दी वायरल होते हैं। सोशल मीडिया ट्रोलिंग और अभद्र टिप्पणियों का बड़ा और आसान माध्यम बन गया है। इनकी वजह से बच्चे मानसिक प्रताड़ना का शिकार हो रहे हैं। बच्चों को फंसाने वाले अपराधी उन्हे आसानी से अपना शिकार बना लेते हैं। इसीलिए दुनिया में कई देशों की सरकारें बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने की तैयारी में हैं।

रोक लगाने वालों में इंडोनेशिया भी शामिल हो चुका है, जिसने मार्च 2026 से इसके नियम लागू कर दिए हैं। इनके अनुसार, 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए यूट्यूब, टिकटॉक, फेसबुक और रोब्लॉक्स जैसे हाई–रिस्क प्लेटफॉर्म्स पर पाबंदी लगा दी गई है। इंडोनेशिया की तरह मलयेशिया ने भी ऑनलाइन सुरक्षा अधिनियम के तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पर रोक लगा रखी है। संयुक्त अरब अमीरात ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया के लिए न्यूनतम उम्र 15 वर्ष तय की है। इससे कम उम्र के बच्चों के अकाउंट बनाने पर यहां पूरी तरह रोक है। यूरोप के देश डेनमार्क में 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया ब्लॉक करने का कानून बन चुका है। बच्चों की उम्र की जांच के लिए सरकार डिजिटल एविडेंस ऐप पर काम कर रही है। इसी तरह ब्रिटेन की सरकार ने भी 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है, जो जनवरी 2027 से प्रभावी होने जा रही है। तुर्की में भी 15 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने के लिए कानून को मंजूरी मिल चुकी है, जिसे 2026 के अंत तक लागू किया जाना है। चीन में किशोरों के लिए सोशल मीडिया पर पूरी तरह पाबंदी तो नहीं है, लेकिन उनके लिए सख्त माइनर मोड लागू है, जो रात के समय सोशल मीडिया ऐप्स के इस्तेमाल और स्क्रीन टाइम को सीमित करता है। ब्राजील का बाल एवं किशोर डिजिटल कानून 17 मार्च, 2026 से लागू हो चुका है। जिसके तहत 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अपने सोशल मीडिया खाते को माता–पिता या कानूनी अभिभावक से जोड़ना अनिवार्य है। इसके अलावा, यह कानून युवाओं के लगातार स्क्रॉल जैसी आदतों पर प्रतिबंध लगाता है। जर्मनी में भी इसी तरह का नियम लागू हो चुका है। स्वीडन समेत कई अन्य देश भी ऐसी तैयारी में हैं। अपने यहां कर्नाटक राज्य भी ऐसे कानून पर काम कर रहा है। जबकि नोएडा के जिला प्रशासन ने स्कूलों में ऑनलाइन के इस्तेमाल को सीमित करने का निर्देश दिया है।

विदेशों की तुलना में जरा भारत को देखिए, यहां दिल्ली के जंतर–मंतर पर युवाओं और किशोरों ने जिस तरह अभद्र और अश्लील गालियों का कैमरे के सामने प्रदर्शन किया, उसे सोशल मीडिया के जरिए पूरी दुनिया ने देखा है। दिलचस्प है कि इसे प्रगतिशील बौद्धिकों के एक वर्ग ने समर्थन किया। दो राय नहीं कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल अगर सही तरीके से किया जाए तो उसकी पहुंच और त्वरा समाज को कई तरह के फायदे दिला सकती है। खामियां उजागर करके तंत्र पर दबाव बनाया जा सकता है। लेकिन हमें यह स्वीकार करने की हिचक नहीं होनी चाहिए कि देश में सोशल मीडिया अर्धनग्नता और अश्लीलता का वाहक बनता जा रहा है। इन्फ्लूएंसर बनने, रीच बढ़ाने और लाइक के जरिए कमाई के चक्कर में शरीफ परिवारों की महिलाओं को भी अंग प्रदर्शन से परहेज नहीं रहा। सोशल मीडिया के लिएकोई सेंसर नीति न होने की वजह से सबकी पहुंच किशोरों और बच्चों तक हो रही है।

इसलिए भी जरूरी है कि पश्चिम की तरह अपने यहां भी इस पर ध्यान दिया जाए और महामारी बनने से पहले इस पर लगाम लगाने की कोशिश शुरू हो। नियमों का उल्लंघन करने पर सोशल मीडिया कंपनियों पर भारी जुर्माना लगाया जाता है।

दिसंबर 2010 में ट्यूनिशिया से शुरू लोकतंत्र समर्थक लहर सोशल मीडिया के इतिहास का निर्णायक बिंदु है। सोशल मीडिया के सहारे यह लहर काहिरा के तहरीर चौक से सीरिया और लीबिया होते हुए समूचे अरब जगत में फैल गई। इतिहास में इस लहर को अरब स्प्रिंग यानी अरब का बसंत और पिंक रिवोल्यूशन या गुलाबी क्रांति के रूप में दर्ज है। अरब देशों में बदलाव लाने की सोच के विस्तार के पीछे सोशल मीडिया को बड़ा जरिया माना गया। लंबे यूरोपीय शासन और शिक्षा–दीक्षा के चलते भारतीय मानस अपनी सांस्कृतिक जड़ों और मूल्यों से कहीं ज्यादा प्रभावित है। इसलिए भारत में सोशल मीडिया पर ऑस्ट्रेलिया और दूसरे पश्चिमी देशों जैसे सवाल नहीं उठे। अगर इन देशों से पहले यहां सवाल उठते तो उसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बता दिया जाता। बहरहाल उम्मीद की जानी चाहिए कि हम भी पश्चिमी देशों से सबक लेंगे और अपने यहां के बचपन को स्वस्थ रखने और बचाने की कोशिश जरूर करेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट की जांच समिति




नीट–यूजी प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र की मांग को लेकर काकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च के दौरान हुई हिंसा की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से जो पांच सदस्यीय समिति गठित की गई, उसके बारे में यह स्पष्ट नहीं कि वह अपनी रिपोर्ट कब देगी। अच्छा होता कि इस समिति के लिए कोई समयसीमा तय की जाती।

नि:संदेह इस मामले में किसी निष्पक्ष जांच समिति की आवश्यकता थी। इस आवश्यकता की ही पूर्ति सुप्रीम कोर्ट ने की। अब अच्छा यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट एवं हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीशों और सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों से लैस यह समिति अपनी रिपोर्ट यथाशीघ्र दे, ताकि उन कारणों को लेकर आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला समाप्त हो सके, जिनके चलते संसद मार्च में हिंसा हुई।

इन प्रश्नों के स्पष्ट उत्तर सामने आना आवश्यक है कि क्या सीजेपी समर्थकों की भीड़ में हिंसा पर आमादा तत्व भी शामिल थे या फिर पुलिस ने अकारण आवश्यकता से अधिक बल प्रयोग किया? इन सवालों के जवाब तलाशते हुए सुप्रीम कोर्ट समिति यह भी स्पष्ट करे तो बेहतर कि क्या पुलिस को बिना अनुमति निकाले जा रहे सीजेपी के संसद मार्च को संसद परिसर जाने देना चाहिए था–और वह भी तब संसद का सत्र चल रहा था?

यदि कहीं कोई भीड़ संसद या विधानसभा की ओर कूच कर रही हो तो पुलिस की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह उसे रोके। हाल में झारखंड में यही किया गया। किसी भीड़ को संसद या विधानसभा की ओर जाने से रोकने के लिए पुलिस कितना बल प्रयोग करे, इसे किसी समिति के लिए तय कर पाना कठिन है, भले ही वह कितनी भी उच्चाधिकार प्राप्त हो। यह तो मौके पर मौजूद पुलिस ही भीड़ के रुख–रवैये के आधार पर तय कर सकती है।

ऐसे में उचित यही होगा कि यह समिति धरना–प्रदर्शन का प्रोटोकाल तय करे, जिसकी आवश्यकता का उल्लेख सुप्रीम कोर्ट ने किया था। इसकी अनदेखी न की जाए कि सुप्रीम कोर्ट समिति केवल सीजेपी और विपक्षी दलों के आरोपों की ही जांच नहीं करेगी। वह पुलिस पर हमला करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपों की भी जांच करेगी।

ऐसा किया जाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि सीजेपी के साथ विपक्षी दलों ने एक ऐसा माहौल बनाया, मानो भीड़ ने कुछ नहीं किया, वह बिल्कुल शांत एवं संयमित थी और फिर भी पुलिस ने उस पर आंसू गैस के गोले दागे, लाठियां चलाईं और पैलेट गन का इस्तेमाल किया। ऐसा नहीं था, यह इससे सिद्ध होता है कि संसद मार्च के दौरान जहां पुलिस के बल प्रयोग से कई प्रदर्शनकारी चोटिल हुए, वहीं अनेक पुलिसकर्मी भी घायल हुए, क्योंकि भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़कर उन पर पथराव किया था।

# एकाकी होता जीवन का संध्या काल

यह समाचार सामाजिक चेतना को झकझोरने वाला था कि सोनीपत, हरियाणा के वृद्धाश्रम में रह रहे एक वयोवृद्ध पिता की मृत्यु के बाद उनकी तीनों बेटियों या नाती–नातिनों में से कोई भी उसके अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुआ। बेटियों ने वीडियो काल पर अंतिम संस्कार करना चुना। दिवंगत पिता प्रतिष्ठित व्यापारी थे। उन्होंने अपनी तीनों बेटियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया और उनका विवाह कर पिता होने का दायित्व निर्वाह किया, फिर भी बेटियां न तो उनके अंतिम संस्कार में आईं और न ही तेरहवीं में। पिछले कुछ वर्षों में वृद्ध माता–पिता अपनी संतानों द्वारा अपमानित, उपेक्षित और तिरस्कृत हुए। बुजुर्ग भरा–पूरा परिवार और संसाधन होने के बाद अपने मकानों या वृद्धाश्रमों में एकाकी जीवन जीने को अभिशप्त हैं। यह लगातार स्वार्थी, यांत्रिक और संवेदनहीन होते जा रहे समकालीन समाज के रोबोटीकरण का प्रतिबिंब है।

तीन बेटियों के अंतिम संस्कार में शामिल न होने को केवल अमानवीय कहकर नजरंदाज नहीं किया जा सकता। इसके पीछे कुछ ठोस सामाजिक और आर्थिक कारण काम कर रहे हैं। पहला है–समय की पुनर्परिभाषा। आज के शहरी जीवन में समय को उत्पादकता से जोड़ दिया गया है। हर गतिविधि का मूल्यांकन इस आधार पर होता है कि उससे करियर या आय में कितनी वृद्धि होगी। अंतिम संस्कार इस पैमाने पर खरा नहीं उतरता। उससे कोई स्वार्थसिद्धि या लाभ नहीं होताढ्ढ इसलिए वह महत्वहीन हो जाता हैढ्ढ दूसरा कारण है भावनात्मक दूरी। जब कोई व्यक्ति लंबे समय तक माता–पिता से नहीं मिलता तो उनके प्रति लगाव कम हो जाता है। मृत्यु की जानकारी एक निर्जीव सूचना बनकर रह जाती है, एक आघात नहीं। तीसरा कारण है सामाजिक स्वीकृति में बदलाव। पहले यदि कोई संतान माता–पिता के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं होती थी तो उसे अपराध–बोध और एक किस्म के सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ता था। आज ऐसे व्यवहार को 'व्यस्त जीवन जनित विवशता' कहकर सामान्यीकृत सा कर दिया गया है। परंपरागत रूप से भारतीय समाज में बेटियों से यह उम्मीद की जाती है कि वे माता–पिता की अधिक देखभाल करेंगी, पर अब बेटियां भी नौकरी के कारण उसी प्रतिस्पर्धी व्यवस्था का हिस्सा बन जा रही हैं, जिसमें पुरुष पहले से थे। उनका व्यवहार भी बेटों जैसा होता जा रहा है। इसका अर्थ यह नहीं कि बेटियां संवेदनहीन हो गई हैं, बल्कि यह है कि बाजार आधारित आर्थिकी ने स्त्री और पुरुष, दोनों को उत्पादक और उपभोक्ता में अवमूल्यित कर दिया है।पिछले कुछ दशकों में संयुक्त परिवार टूटे हैं और एकल परिवार का चलन बढ़ा है। शहरीकरण, शिक्षा और रोजगार के अवसरों के कारण लोगों का पलायन/विस्थापन हुआ है। भौगोलिक दूरी का सीधा असर बुजुर्ग माता–पिता पर पड़ा है। उनके पास दो विकल्प बचे हैं–या तो अकेले रहें या वृद्धाश्रम में। दोनों ही स्थितियों में उनकी देखभाल और भावनात्मक जरूरतें पूरी नहीं हो पातीं। अबाध स्वतंत्रता, निजता की चाह और असीम भौतिकता ने भी परिवारों की नींव को हिलाया है। जब पति–पत्नी दोनों नौकरी करते हैं, तो वृद्धाश्रम को एक व्यावहारिक समाधान मानकर बुजुर्गों को निर्वासित कर दिया जाता है। प्रारंभ में महीने में मिलने का वादा होता है। फिर यह अवधि बढ़ती जाती है। फोन पर बात भी औपचारिक होती जाती है। धीरे–धीरे बुजुर्ग बच्चों के जीवन से निष्कासित हो जाते हैं। राष्ट्रीय वृद्धजन आयोग और कुछ स्वतंत्र संस्थाओं के सर्वेक्षण बताते हैं कि भारत में 15 प्रतिशत से अधिक वरिष्ठ नागरिक अकेले रहते हैं। महानगरों में यह प्रतिशत 25 के आसपास है। वृद्धाश्रमों में रहने वाले 60 प्रतिशत से अधिक लोगों के बच्चे देश के भीतर ही रहते हैं। वृद्धाश्रमों में प्रवेश लेने वाले 40 प्रतिशत बुजुर्ग उच्च और मध्यम वर्ग से हैं।

## दैनिक राशिफल

**मेष:** आज आपको सभी मामले में अनुकूलता का अनुभव होगा। घर में सुख-शांति स्थापित होगी, इससे मन प्रसन्न रहेगा। सुखप्रद घटनाएं घटेंगी। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। आर्थिक लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में भी सभी का सहयोग मिलेगा। विरोधियों के मामले में सफलता मिलेगी।

**वृषभ:** बौद्धिक चर्चा जोरों पर रहेंगी। आपकी कल्पना और सृजनशक्ति की प्रगति से संतोष का अनुभव होगा। व्यर्थ वाद-विवाद या चर्चा में न पड़ें। स्वास्थ्य के मामले में पाचनतंत्र से संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। प्रिय व्यक्ति के साथ मिलन–मुलाकात सुखद होगा। व्यापारी भागीदारों के साथ धैर्य से चर्चा करें।

**मिथुन:** आर्थिक आयोजन और पूंजी निवेश के समय खूब ध्यान रखें। एकाग्रता कम और बेचैनी अनुभव करेंगे। धार्मिक कार्यों के पीछे खर्च होगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ मतभेद खड़े होंगे। लालच वृत्ति आपको नुकसान में न धकेले, इसका ध्यान रखें। कोर्ट–कचहरी के मामलों में न पड़ना ही अच्छा रहेगा।

**कर्क:** सामाजिक प्रसंग में सगे-संबंधियों और मित्रों के साथ आपका समय अच्छा गुजरेगा। मित्रों के पीछे धन खर्च होगा और उनसे लाभ भी होगा। पर्यटन पर जाना हो सकता है। सरकारी और अर्ध सरकारी काम में सफलता मिलेगी। दांपत्यजीवन में सामंजस्य बना रहेगा। आय के नए स्रोत दिखाई देंगे।

**सिंह:** क्रोध और नकारात्मक विचार से आपका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होगा। ऐसे में खुद पर संयम रखें। खान-पान का ध्यान रखें अन्यथा स्वास्थ्य खराब होने की पूरी संभावना है। परिवार में वाद-विवाद होगा। खर्च में वृद्धि होने से आर्थिक तंगी का अनुभव होगा। नए संबंध बनेंगे। नए काम की शुरुआत आज ना ही करें।

**कन्या:** आध्यात्म की तरफ आपका विशेष आकर्षण रहेगा। नए काम की शुरुआत के लिए शुभ समय है। मित्रों और सगे-संबंधियों के आगमन से घर में प्रसन्नता रहेगी। हाथ में लिए हुए काम सफलतापूर्वक पूरे होंगे। यात्रा होगी। धन लाभ का योग है। छोटे भाई-बहनों के साथ मेल-जोल रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला:** नए काम की शुरुआत करने वालों के लिए समय अनुकूल है। नौकरी तथा व्यवसाय में लाभदायक परिणाम मिलेगा। पदोन्नति मिलेगी। व्यापार में नई दिशाएं खुलती हुई प्रतीत होंगी। सरकार से लाभ के समाचार मिलेंगे। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। गृहस्थ जीवन में मधुरता रहेगी।

**वृश्चिक:** आपको वाणी और व्यवहार में संयम रखने की सलाह दी जाती है। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो, इसका ध्यान रखें। शेयर-सट्टे में पूंजी निवेश का आयोजन करेंगे। आर्थिक लाभ होगा। स्वास्थ्य संबंधी कुछ शिकायत रहेगी। आंख में कोई तकलीफ होने की संभावना है। नकारात्मक वृत्ति दूर करने से लाभ होगा।

**धनु:** मानसिक और शारीरिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। बुजुर्गों के साथ अनबन होने की घटना आपके मन को व्यथित करेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आर्थिक नुकसान और सार्वजनिक जीवन में मानहानि होगी। ज़मीन, वाहन आदि के सौदे या उसके दस्तावेजी कामों से बचें। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा।

**मकर:** आज दांपत्य जीवन में मामूली बात पर जीवनसाथी से मनमुटाव होने की आशंका बनी रहेगी। पति-पत्नी दोनों में से किसी एक का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। सार्वजनिक जीवन में अपयश न मिले, इसका ध्यान रखें। मित्रों के साथ आपकी मुलाकात बहुत आनंददायक नहीं रहेगी।

**कुंभ:** आज आपको थोड़ी-सी प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। परिणामस्वरूप निर्धारित काम पूरे नहीं होंगे। मानसिक चिंता से थकान का अनुभव होगा। नौकरी-व्यवसाय के स्थान पर भी सहकर्मियों साथ नहीं मिलने से आप हतोत्साहित होंगे। अधिकारियों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें और विरोधियों से सचेत रहें।

**मीन:** आज शारीरिक, मानसिक रूप से आपका दिन प्रफुल्लित रहेगा। सगे-संबंधियों, मित्रों और पारिवारिक सदस्यों के साथ घर में उत्सव का वातावरण रहेगा। सुरुचिपूर्ण भोजन का आनंद लेंगे। पर्यटन का कार्यक्रम आयोजित होगा। आर्थिक दृष्टि से लाभदायक दिन है। आध्यात्म और चिंतन में गहरी रुचि लेंगे।

# 101 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** नवयुवकों को नशे की लत से बचाने तथा अवैध मादक पदार्थों एवं शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नोखा पुलिस एवं डीएसटी बीकानेर ने संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 101 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शराब परिवहन में प्रयुक्त मारुति सुजुकी इर्टिगा कार को भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार जब्त शराब की अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। बरामद शराब में आल सीजन्स की 58 पेटी तथा रॉयल चैलेंज की 43 पेटी कुल 101 पेटी शामिल हैं। यह कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज ओमप्रकाश आईपीएस एवं जिला पुलिस अधीक्षक बीकानेर मृदुल कच्छावा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बीकानेर बनवारी लाल आरपीएस तथा वृताधिकारी नोखा जरनैल सिंह आरपीएस के निकट सुपरविजन में की गई। पुलिस थाना नोखा के थानाधिकारी गोविन्द सिंह चारण पुलिस निरीक्षक को डीएसटी बीकानेर से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी कमलेश निवासी कूका, पुलिस थाना बागोड़ा, जिला जालौर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद कर वाहन सहित जब्त की तथा प्रकरण दर्ज किया। मामले का अनुसंधान उपनिरीक्षक कुशलाराम द्वारा किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान मौके से एक अन्य आरोपी फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। साथ ही शराब तस्करी से जुड़े अन्य आरोपियों एवं पूरे नेटवर्क के संबंध में भी विस्तृत अनुसंधान किया जा रहा है। कार्रवाई में थानाधिकारी गोविन्द सिंह चारण, सहायक उपनिरीक्षक बलवान सिंह, साइबर सेल बीकानेर के सहायक उपनिरीक्षक दीपक यादव, हेड कांस्टेबल रामेश्वरलाल धुधवाल, कांस्टेबल तेजाराम, जयप्रकाश एवं महेन्द्र सिंह तथा डीएसटी बीकानेर के कांस्टेबल रामकुमार एवं गणेशाराम शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई को अवैध शराब तस्करी के खिलाफ महत्वपूर्ण कार्रवाई माना जा रहा है। मामले में आगे की जांच के बाद शराब की तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के नाम सामने आने की संभावना है।

# पालिका चुनाव : भाजपा कार्यालय से पार्षद पद के आवेदन फॉर्म प्राप्त करें

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** नगर पालिका चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी नोखा शहर ने चुनावी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी की ओर से पार्षद पद के इच्छुक दावेदारों एवं कार्यकर्ताओं के लिए आवेदन पत्र एवं पार्टी आवेदन फॉर्म का वितरण शुरू कर दिया गया है। भाजपा के टिकट पर आगामी नगर पालिका चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता नोखा स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय से पार्षद पद के लिए आवेदन पत्र एवं आवश्यक प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। पार्टी की ओर से सभी इच्छुक दावेदारों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय में आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक जानकारी भरें तथा अपना आवेदन पार्टी कार्यालय में जमा करवाएं। भाजपा शहर अध्यक्ष गंगाराम पारीक ने बताया की आवेदन प्रक्रिया एवं चुनाव से संबंधित अन्य जानकारी के लिए पार्टी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। नगर पालिका चुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा द्वारा शुरू की गई आवेदन प्रक्रिया से पार्टी के संभावित दावेदारों में सक्रियता बढ़ने की उम्मीद है। पार्टी स्तर पर प्राप्त होने वाले आवेदनों के आधार पर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# ऑपरेशन नीलकंठ : डोडा पोस्त चूरा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** पुलिस थाना पांचू ने ऑपरेशन नीलकंठ तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए 1 किलो 428 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त चूरा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मादक पदार्थ के परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन को भी जब्त किया है। पुलिस के अनुसार महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज बीकानेर ओमप्रकाश आईपीएस, जिला पुलिस अधीक्षक बीकानेर मृदुल कच्छावा आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बनवारीलाल मीणा आरपीएस के निर्देशन तथा पुलिस उप अधीक्षक नोखा जरनैल सिंह के निकट सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस थाना पांचू के थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद पुनि के नेतृत्व में टीम ने भारतमाला रोड स्थित टोल पांचू के पास जिला पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार ए श्रेणी की नाकाबंदी की। इस दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से 01 किलो 428 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से सुरिन्द्र कुमार निवासी भागु, पुलिस थाना बहाववाला, जिला फाजिल्का, पंजाब को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से बरामद मादक पदार्थ तथा घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन को जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी मादक पदार्थ कहां से लेकर आया था और इसे कहां पहुंचाया जाना था। थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद, सहायक उप निरीक्षक पप्पूलाल, हेड कांस्टेबल राणाराम तथा कांस्टेबल लीलाराम कार्रवाई में शामिल रहे।

# 31 साल बाद 12वीं बैच के दोस्त आज मिलेगें कॉपर

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी की पूर्व केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में 1995 में कक्षा 12वीं में पढ़ाई करने वाले सहपाठियों का पुनर्मिलन समारोह का आयोजन आज शनिवार को दिनबंधु मैरिज पेलेस में होगा। विद्यालय के पूर्व छात्र रमेश कुमार यादव, रोहिताश खेदड़, सुरेश सैनी, सुनिता छिछोलिया, शमशेर खां, अनिता शर्मा ने व्यवस्था देखी। उन्होंने बताया कि दिनबंधु मैरिज पैलेस में शनिवार सुबह दस बजे 31 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 के सहपाठीयों का पुनर्मिलन समारोह में देश के विभिन्न शहरों केरला, झांसी, जहानाबाद, दरबंगा, राँची, झारखंड, दिल्ली, जयपुर, बैंगलोर, हैदराबाद, बिहार, मुबंई, कोटा, अजमेर, यूपी, महाराष्ट्र, एमपी आदि प्रदेशों व विदेश में अपनी छाप छोड़ने वाले सहपाठी इस ऐतिहासिक महाकुंभ में शामिल होंगे। बचपन से अब तक के अपने-अपने जीवन के मीठे, कड़वे अनुभव एक दूसरे से सांझा करेंगे। इसके साथ ही अपनी स्कूल की यादों के झरोखे में इतने साल के लंबे अंतराल के बाद अपने सहपाठियों से मिलना एक सुखद अनुभूति का अहसास कराएगा। समारोह से पूर्व सभी सहपाठी स्कूल का भ्रमण करेगें साथ ही पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे। समारोह के दौरान सभी सहपाठी 31 साल बाद एक साथ जमा होने पर वह अपनी बचपन की यादों को ताजा कर एक अलग अनुभव महसुस करेंगे।

# एनएसएस शिविर का शुभारंभ, सेवा और सामाजिक सरोकारों का लिया संकल्प

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के प्रतिष्ठित एसबीएन महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को विधिवत एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण तथा राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेश कुमार जाट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे महाविद्यालय की सीमाओं से बाहर निकलकर समाज की वास्तविक समस्याओं को समझें और उनके समाधान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। महाविद्यालय के निदेशक डॉ मुकेश कुमार बल्डवाल ने कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के साथ जुड़ने, ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को समझने तथा सामाजिक जागरूकता के कार्यों में योगदान देने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि सेवा भावना से किया गया कार्य ही विद्यार्थी के व्यक्तित्व को वास्तविक ऊंचाई प्रदान करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी राजेंद्र सिंह बिजारणियां ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं आगामी गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वर्षभर स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, जल संरक्षण, नशामुक्ति जागरूकता, महिला एवं बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए सेवा कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि सेवा से व्यक्तित्व निर्माण और व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण की भावना को विद्यार्थियों के जीवन का हिस्सा बनाना एनएसएस का मूल उद्देश्य है। कार्यक्रम में ज्योत्सना स्वामी, ममता चौधरी, कृष्णा बिजारणियां, अंतिमा शर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, श्रवण कुमार, प्रहलाद बराला, बनवारी लाल जीतरवाल, प्रवीण कुमार शर्मा, जितेंद्र निठारवाल एवं कमलेश सैनी सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह के अंत में उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने एनएसएस की भावना के अनुरूपश्मैं नहीं, आप के सेवा संदेश को आत्मसात करते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा एवं सेवा भावना का संचार किया और महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की आगामी गतिविधियों के लिए एक सकारात्मक एवं प्रभावशाली शुरुआत का संदेश दिया।



# निर्धारित समय-सीमा व पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित हो निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्य : सुराणा

निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अभिषेक सुराणा एवं पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने शुक्रवार को बीदासर उपखंड मुख्यालय पर ज्ञान ज्योति उच्च माध्यमिक विद्यालय में ईवीएम संग्रहण केंद्र, स्ट्रॉन्ग रूम और मतगणना स्थल व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा बीदासर पुलिस थाने में बैठक लेकर नगरनिकाय और पंचायतीराज संस्थाओं में आम चुनाव, 2026 को लेकर गतिविधियों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी संयुक्त रूप से संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों का नियमित भ्रमण करें तथा मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि नगर निकाय निर्वाचन के मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए। निर्वाचन से संबंधित प्रत्येक गतिविधि पर प्रभावी निगरानी रखें तथा देखें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं हो। उन्होंने ईवीएम के सुरक्षित भंडारण, स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश-निकास व्यवस्था तथा मतगणना स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त एवं भ्रमण बढ़ाने, असामाजिक एवं संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने तथा प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने निर्वाचन तैयारियों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की जानकारी ली तथा ईवीएम संग्रहण केंद्र, स्ट्रॉन्ग रूम एवं मतगणना स्थल का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



बीदासर एसडीएम अमीलाल यादव ने चुनाव तैयारियों, गतिविधियों, प्रबंधन और व्यवस्थाओं की जानकारी दी और राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार पूर्ण प्रबंधित ढंग से निर्वाचन गतिविधियां आयोजित करने के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान सुजानगढ़ एएसपी पवन कुमार, डीवाईएसपी सुखदेव सिंह, तहसीलदार इन्द्राज बारूपाल, ईओ द्वारकाप्रसाद, एसएचओ सुभाष, एसएचओ महेंद्र सिंह, एईएन इन्द्रपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ज्ञापन : शहरी फीडर से बिजली लाइन नहीं जुड़ी तो निकाय चुनाव का करेंगे बहिष्कार



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** शहर के वार्ड संख्या 22 में स्थित बालाजी की ढाणी के लोग बिजली कटौती की समस्या से जूझ रहे है। लंबे समय से इस समस्या का समाधान नहीं होने पर अब इन लोगों द्वारा आगामी नगर पालिका चुनावों के बहिष्कार का निर्णय लिया है। ढाणी में रहने वाले लोगों ने एसडीएम मिथिलेश कुमार को ज्ञापन देकर ढाणी की बिजली आपूर्ति को ग्रामीण फीडर से हटाकर शहरी लाइन से जोड़ने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बालाजी की ढाणी नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 22 में है और यहां के लोग शहरी निकाय चुनाव में मतदान करते हैं। इसके बावजूद यहां की बिजली आपूर्ति ग्रामीण फीडर से जुड़ी है, जिसके कारण यहां रहने वाले सैंकड़ों लोगों को अघोषित बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है। कई बार स्थिति इतनी बदतर हो जाती है कि लगातार दो दिनों तक बिजली गुल रहती है। ज्ञापन में लिखा है कि जोधपुर डिस्कॉम के कनिष्ठ अभियंता द्वारा मौके का सर्वे भी किया जा चुका है, इसके बावजूद अब तक लाइन बदलने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आक्रोशित लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति को शहरी तंत्र से नहीं जोड़ा गया, तो ढाणी के सभी मतदाता आगामी वार्ड व पालिका चुनावों का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। इस अवसर पर ढाणी के नोरंगलाल सैनी, सोनू प्रजापत, गौरीशंकर शर्मा, रामस्वरूप, राधेश्याम, पवन, गौतम शर्मा व संजय कुमार सहित कई लोग मौजूद उपस्थित रहे।

# जाली नोटों सहित एक आरोपी गिरफ्तार

श्रीराम तिवाड़ी



**नोखा ( नवयत्न )।** जाली भारतीय मुद्रा के प्रचलन पर प्रभावी रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना जसरासर ने कार्रवाई करते हुए जाली नोटों सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 500 रुपये के 6 तथा 200 रुपये के 2 जाली नोट, कुल 8 जाली नोट बरामद किए हैं। यह कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज ओमप्रकाश आईपीएस, जिला पुलिस अधीक्षक बीकानेर मृदुल कच्छावा आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बनवारीलाल मीणा तथा वृताधिकारी नोखा जरनैल सिंह आरपीएस के निकट सुपरविजन में की गई। पुलिस थाना जसरासर के थानाधिकारी राकेश स्वामी पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम जसरासर में आसूचना संकलन एवं मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी सुनील पारीक निवासी अमरसर, पुलिस थाना सांडवा, जिला चूरू के कब्जे से जाली भारतीय मुद्रा बरामद की गई। पुलिस ने बरामद जाली नोटों को फर्द जब्ती के जरिए जब्त किया। मूल फर्द एवं आरोपी को प्रकरण दर्ज करने के लिए नोडल थानाधिकारी पुलिस थाना कोटगेट, जिला बीकानेर को भेजा गया है। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में थानाधिकारी राकेश स्वामी पुलिस निरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक सेवाराम, सहायक उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह, कांस्टेबल सुमित, कांस्टेबल मिन्टू तथा कांस्टेबल बलवान शामिल रहे। पुलिस के अनुसार कार्रवाई में कांस्टेबल बलवान की आसूचना संकलन एवं विशेष भूमिका रही। जाली मुद्रा के स्रोत तथा इसके प्रचलन से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# विद्यालय में हुआ श्रीराम वाटिका का निर्माण

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा में परम पूज्य ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज (दंडी स्वामी) के सानिध्य में आयोजित हो रहे चातुर्मास कथा कार्यक्रम के तहत महाराज के 54वें जन्मदिन के अवसर पर पीएम श्री बाबा छोटूनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नोखा में श्रीराम वाटिका का निर्माण किया गया। महाराज के जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। श्रीराम वाटिका में नींबू, बिल्वपत्र, शहतूत, करंज, सहजन सहित अनेक पौधों का रोपण शाला स्टाफ, महावीर इंटरनेशनल नोखा एवं भक्तजनों द्वारा किया गया। वाटिका के निर्माण के लिए विद्यालय स्टाफ द्वारा तारबंदी एवं पौधरोपण का कार्य किया गया। इस कार्य में सरिता, सजन, हंसराज, श्यामसुंदर एवं आरिफ खान सहित विद्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रहलाद राय मोहता, गिरधारी पारीक, महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, केंद्र चेयरमैन सुरेंद्र कुमार हीरावत, ईश्वरचंद दूगड़, डॉ एम पी तिवाड़ी, अनिल जैन, बाबूलाल कांकरिया एवं



रामेश्वरलाल छींपा सहित बड़ी संख्या में भक्तजन एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नोखा एसीईबीओ शिवनारायण भादू एवं प्रधानाचार्य नारायण दत्त ने श्रीराम वाटिका के निर्माण में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में विकसित की गई यह वाटिका विद्यार्थियों को प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ विद्यालय की सुंदरता में भी वृद्धि करेगी। विद्यालय परिवार ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

# प्रिंटिंग प्रेस वालों के साथ उपखंड अधिकारी ने ली बैठक



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** उपखंड कार्यालय श्रीमाधोपुर में शुक्रवार को आगामी नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 के मध्य नजर आदर्श आचार संहिता की पालना बाबत उपखंड क्षेत्र श्रीमाधोपुर के समस्त प्रिंटिंग प्रेस संचालकों की मीटिंग का आयोजित की गई। जिसमें राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश के बारे में बताया गया एवं सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को उपखंड अधिकारी सौरभ भामू ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम को 1951 की धारा 127 क के प्रावधानो के अंतर्गत कार्य करने व पूर्ण पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# आया सावन झूमके कार्यक्रम में महिलाओं ने बिखेरे प्रतिभा के रंग

श्रीराम तिवाड़ी




**नोखा ( नवयत्न )।** बीकानेर रोड स्थित गोविंदम होटल में सावन माह के उपलक्ष्य में महिलाओं के लिए विशेष आया सावन झूमके कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मीनू शर्मा एवं शांति मूंदड़ा के आयोजन में पहली बार नोखा में आयोजित इस कार्यक्रम को महिलाओं एवं बालिकाओं का जबरदस्त उत्साह और समर्थन मिला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम स्थल का हॉल महिलाओं की उपस्थिति से खचाखच भरा रहा। सावन की उमंग और उत्साह के बीच प्रतिभागियों ने नृत्य, गीत, मनोरंजन एवं विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान हॉल तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से गूंजता रहा। कार्यक्रम की खास बात रही कि इसमें महिलाओं को अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत करने का खुला अवसर मिला। ननद-भाभी की जोड़ी ने अपनी शानदार प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी। सावन के पारंपरिक रंग में रंगे इस आयोजन में महिलाओं ने अपनी रचनात्मकता, आत्मविश्वास और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रस्तुतियों एवं प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिलाओं के बीच स्वस्थ मनोरंजन और आपसी मेल-जोल का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की कई विशेष झलकियां दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। कार्यक्रम संयोजक मीनू शर्मा ने बताया कि आया सावन झूमके कार्यक्रम विशेष रूप से महिलाओं के लिए आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य महिलाओं को मनोरंजन के साथ-साथ अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर देना था। उन्होंने कहा कि महिलाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें उचित मंच और अवसर देने की है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। विजेताओं के सम्मान से कार्यक्रम में उत्साह और बढ़ गया तथा प्रतिभागियों ने भी पूरे जोश के साथ आयोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर मौजूद अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों से महिलाओं एवं बालिकाओं को अपनी प्रतिभा सामने लाने का अवसर मिलता है और उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। साथ ही सामाजिक मेल-जोल और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के समापन पर मीनू शर्मा एवं शांति मूंदड़ा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाली सभी महिलाओं, बालिकाओ, अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन के दौरान महिलाओं में दिखाई दिया उत्साह और उमंग पूरे कार्यक्रम की सफलता को बयां कर रहा था।

# बिसाऊ में 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम', 21 पौधे लगाए, 'रन फॉर वोट' में दिया मतदान का संदेश



निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को बिसाऊ में नगर पालिका की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' अभियान के तहत राजकीय कॉलेज परिसर में 21 पौधे लगाए गए। इसके बाद नगरपालिका कार्मिकों ने 'रन फॉर वोट' दौड़ निकालकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। पालिका के अधिशाषी अधिकारी सीताराम कुमावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रमों में पर्यावरण संरक्षण के साथ लोकतंत्र में मतदान की अहमियत का संदेश दिया गया। पौधारोपण के दौरान कार्मिकों ने पेड़ों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया। 'रन फॉर वोट' में नगरपालिका कार्मिकों ने भाग लिया। दौड़ के जरिए आमजन से आगामी चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की गई। ईओ सीताराम कुमावत ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मत जरूरी है और मतदान में सभी की भागीदारी जरूरी है। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना है।

# उज्जैन से डाक कांवड़ लेकर 24 अगस्त को दांता पहुंचेंगे शिवभक्त




निसं

**दांता ( नवयत्न )।** सावन माह के पावन अवसर पर दांता कस्बे के शिवभक्तों ने उज्जैन से डाक कांवड़ यात्रा शुक्रवार को शुरू की। करीब 600 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर कांवड़िए 24 अगस्त, सोमवार को दांता पहुंचेंगे। दांता पहुंचने के बाद शिवभक्त नीलकंठ महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। दांता निवासी जगदीश कुमावत पिछले कई वर्षों से विभिन्न धार्मिक स्थलों से कांवड़ लेकर दांता पहुंच रहे हैं। इस बार वे 23वीं कांवड़ यात्रा उज्जैन से लेकर आ रहे हैं। जगदीश कुमावत इससे पहले उत्तर प्रदेश के हरिद्वार, महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर, मध्यप्रदेश के उज्जैन एवं ओंकारेश्वर तथा उत्तराखंड के केदारनाथ से भी कांवड़ लेकर दांता आ चुके हैं। लगातार कांवड़ यात्रा करने वाले जगदीश कुमावत की शिवभक्ति क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। करीब 600 किलोमीटर की डाक कांवड़ यात्रा पूरी कर दांता पहुंचने पर श्रद्धालुओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद नीलकंठ महादेव मंदिर में भगवान शिव का पवित्र जल से अभिषेक किया जाएगा। श्रद्धालुओं में डाक कांवड़ यात्रा को लेकर खासा उत्साह है और दांता पहुंचने के दौरान जगह-जगह शिवभक्तों द्वारा कांवड़ियों का स्वागत किए जाने की संभावना है।

# गोगाजी मंदिर का जीर्णोद्धार, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** घोड़ीवारा कलां में गोगाजी मंदिर का जीर्णोद्धार कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी एवं फूल-मालाओं से सजावट की गई। आयोजन समिति के राजेश धाभाई ने बताया कि गोगाजी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पंडित मनोज शर्मा हंसासरी के आचार्यत्व में पांच विद्वान पंडितों एवं राजस्थान की विभिन्न 21 गोगामेड़ियों से आए भक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चाण के साथ संपन्न हुई। जितेंद्र जांगिड़ एवं रमेश पंवार यजमान के रूप में पूजा-अर्चना में शामिल हुए। इससे पूर्व 101 कलशों के साथ महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा मंदिर से रवाना होकर मुख्य चौक होते हुए वापस मंदिर पहुंची। ग्रामीणों ने कलश यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। ज्योत के साथ महाआरती की गई और भोग लगाकर भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। गुरुवार रात विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें ककड़ेऊ कला के भजन गायककार रणवीर सिंह एंड पार्टी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर विनोद ख्यालिया, देवीलाल ख्यालिया, ओंकार सिंह ख्यालिया, रमेश सिंह, मदनलाल कुमावत, कुरड़ाराम चावला, विक्रम सिंह, सुरेंद्र जांगिड़, दयाराम रणवा, विद्याधर चावला, शिशुपाल चावला, राजा चावला, अंकित गर्वा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# चेक अनादरण के मुकदमें किए खारिज, आरोपी को किया दोषमुक्त

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण कुमार जांगिड़ ने वर्ष 2014 के चेक अनादरण के चार प्रकरणों में स्थानीय निवासी अभियुक्त गोपीकृष्ण शर्मा को आरोप मुक्त करते हुए बरी कर दिया। अभियुक्त की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता संजय कटारिया ने बताया कि क्षेत्र के संजय सारस्वत ने 8,55,000 रुपये नकद और रवि प्रकाश भार्गव ने 5,00,000 रुपए अभियुक्त गोपीकृष्ण को नक़द उधार देना बताकर गोपीकृष्ण के खिलाफ चार अलग-अलग मुकदमें चेक अनादरण के प्रस्तुत किए थे।

# बारिश के अभाव में खराब हुई फसल

## ग्रामीणों ने की विशेष गिरदावरी करवाने की मांग

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सात्यूँ में पिछले लंबे समय से बारिश नहीं होने व फसल में गोजा लट (कीट) के प्रकोप के कारण किसानों की मूंग, मोठ, ग्वार एवं बाजरे की फसल खराब होकर नष्ट हो गई है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। फसल खराब होने से चिंतित ग्रामीणों एवं मरुधरा सेवा संस्थान, सात्यूँ के सदस्यों ने उपखंड अधिकारी, तारानगर को ज्ञापन सौंपकर प्रभावित क्षेत्र में विशेष गिरदावरी करवाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि फसल की बुवाई के शुरुआती समय में फसल की स्थिति अच्छी थी, लेकिन लंबे समय से बारिश नहीं होने और गोजा लट के प्रकोप के कारण फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। कई खेतों में फसल पूरी तरह सूखकर नष्ट हो चुकी है। ऐसे में किसानों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी से मांग की कि ग्राम सात्यूँ की रोही में खराब हुई फसलों की तत्काल विशेष गिरदावरी करवाकर नुकसान का आकलन किया जाए तथा प्रभावित किसानों को नियमानुसार उचित मुआवजा एवं राहत दिलवाई जाए। ग्रामीणों ने कहा कि समय रहते गिरदावरी होने से किसानों को सरकार की ओर से मिलने वाली सहायता का लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर संजय दर्जी, बलराम खींची, मुकेश दाधीच, गोवर्धन कस्वां, राजेश साहू, हनुमानराम कुलड़िया, डॉ विमल शर्मा, विजेंद्र सांखला, इन्द्र चन्द स्वामी, प्रदीप शर्मा, शायर गोस्वामी, सुशील गौड़, सुरेश गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बिसाऊ में बढ़े वायरल के मरीज, ओपीडी 400 पार



निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** मौसम में बदलाव के साथ कस्बे में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। निजी क्लीनिकों के साथ राजकीय अस्पताल की ओपीडी में भी मरीजों की संख्या बढ़ी है। पहले जहां रोजाना करीब 250 से 300 मरीज पहुंच रहे थे, वहीं अब ओपीडी 350 से 400 तक पहुंच गई है। सर्दी-जुकाम, बुखार, गला दर्द और खांसी के मरीज सबसे ज्यादा सामने आ रहे हैं। डॉ. सुनीता चौधरी ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण सर्दी-जुकाम, बुखार, बदन दर्द, उल्टी, सिर दर्द के साथ टाइफाइड, पीलिया और त्वचा संबंधी रोगों के मरीज भी उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मौसम में मच्छरों की संख्या भी बढ़ रही है। डॉ. चौधरी ने बीमारी से बचाव के लिए उबला हुआ पानी पीने, पौष्टिक आहार लेने और मच्छरदानी का इस्तेमाल करने की सलाह दी है। जरूरत होने पर चिकित्सक से परामर्श लेने की अपील की गई है।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ में स्थानीय फोटोग्राफी एसोसिएशन के तत्वाधान में विश्व फोटोग्राफी दिवस देव कुटीर में सभी फोटोग्राफर साथियों ने फोटोग्राफी के जनक लुईश के चित्र पर दीप पुजन एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वर्तमान अध्यक्ष पप्पु बफिया ने अपना उद्बोधन दिया। संरक्षक बालकिशन सोनी, जयराम, महेश सेवदा, श्यामसिंह, अनिल अजमेरीया आदि ने अपने विचार रखे। वहीं आयोजित कार्यक्रम में नए अध्यक्ष का चुनाव सर्व सम्मति से करते हुए सुनिल वर्मा लक्ष्मी स्टूडियो को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। कार्यक्रम में दिनेश सोनी, श्रवण सिंह, प्रतापसिंह, लालचंद लोहा, हेमन्त शर्मा, रवि सैनी, राकेश प्रजापत, पवन सैनी, दीपूभाईजी, ओम सिंह, अजय सोडा इत्यादि फोटोग्राफर उपस्थित थे। मंचिय संचालन आरीफखान ने किया।



# जयपुर- सीजेपी प्रवक्ता को पीटा, मंत्री को 48 घंटे का अल्टीमेटम

## अभिजीत दीपके बोले- मारपीट करने वाले गुंडों को गिरफ्तार नहीं किया, तो मैं जयपुर आऊंगा

जयपुर।

कॉकरोच जनता पार्टी प्रवक्ता आशुतोष रांका और उनके साथियों पर जयपुर में हमला हुआ है। रांका शुक्रवार सुबह 10 बजे सीतापुरा के राजकीय प्राथमिक स्कूल रामपुरा कंवरपुरा का निरीक्षण करने पहुंचे थे। तभी ग्रामीणों ने उन्हें पीटकर वहां से खदेड़ दिया। उनकी गाड़ियों पर भी पथराव किया गया। रांका के साथ मौजूद महिला समर्थकों पर गांव की महिलाओं ने मिट्टी फेंकी। रांका ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर मारपीट का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा- हमले में गाड़ियों के शीशे और मोबाइल तोड़े गए, एक महिला से मारपीट हुई और उनकी शर्ट फाड़ दी गई। टीम के एक सदस्य का हाथ फ्रैक्चर हुआ है।

रांका ने कहा- आज पूरे देश ने भाजपा की गुंडागर्दी लाइव देखी है। ये शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के कहने पर हुआ है। 48 घंटे का अल्टीमेटम दे रहे हैं। हमलावरों की गिरफ्तारी हो और स्कूल निरीक्षण रोकने का आदेश वापस लिया जाए। ऐसा नहीं हुआ तो पूरे राजस्थान में आंदोलन करेंगे और दिलावर के इस्तीफे की मांग करेंगे। सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा- अगर अगले 48 घंटों में स्कूल की मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ और उन गुंडों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो मैं जयपुर आऊंगा और स्कूल के सामने बैठा रहूंगा, जब तक स्कूल को ठीक कराने का काम नहीं किया जाता है। इससे पहले सुबह करीब 8 बजे सीजेपी के कुछ कार्यकर्ताओं से ग्रामीणों की धक्का-मुक्की हुई थी। ग्रामीणों ने उन्हें गांव से बाहर निकाल दिया। सीजेपी के विरोध में नारे लगाते हुए ग्रामीण सरकारी स्कूल के




बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने गांव के मुख्य रास्ते पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर घेराबंदी कर दी और आने-जाने वाली गाड़ियों की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, आशुतोष सहित सीजेपी के 5 कार्यकर्ता गंभीर घायल हुए हैं। 7 के चोट लगी है। उन्हें इलाज के लिए एसएमएस हॉस्पिटल लाया गया। सीजेपी का वाटिका रोड पर भट्टा वाला राजकीय सरकारी स्कूल का निरीक्षण करने का भी प्लान था, जिसे अब कैंसिल कर दिया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि हमला करने वाले ग्रामीण नहीं, बीजेपी कार्यकर्ता थे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- बच्चों की शिक्षा में व्यवधान कौन बर्दाश्त करेगा। इसलिए विरोध हुआ।

# मेडटेक में भारत को 'मेड इन इंडिया' से आगे बढ़कर डिजाइन, इनोवेशन और निर्यात का केंद्र बनना होगा : डॉ. जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि भारत को मेडिकल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में केवल 'मेड इन इंडिया' तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि 'भारत में डिजाइन, इनोवेशन और भारत से निर्यात' की दिशा में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि मेडिकल टेक्नोलॉजी स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण बनाने के साथ-साथ देश में नवाचार और स्वदेशी विनिर्माण को नई गति दे सकती है। डॉ. जितेंद्र सिंह आज नई दिल्ली में फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सहयोग से आयोजित 18वें सीआईआई ग्लोबल मेडटेक समिट को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के सामने एक साथ दो बड़ी चुनौतियों का समाधान करने का अवसर है— स्वास्थ्य सेवा की सीमाओं को आगे बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना कि नई तकनीक और उपचार हर नागरिक तक किफायती दरों पर पहुंचें।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सामने एक ऐसा मॉडल पेश कर सकता है, जिसमें उच्च गुणवत्ता, अत्याधुनिक तकनीक और व्यापक प्रभाव के साथ लोगों



की वहन क्षमता का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि भारत का मेडटेक क्षेत्र वर्ष 2030 तक करीब 20 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह भारत को मेडिकल टेक्नोलॉजी, नवाचार और विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने का बड़ा अवसर प्रदान करता है। डॉ. सिंह ने कहा कि भारत की महत्वाकांक्षा केवल एक बड़े उपभोक्ता बाजार तक सीमित नहीं होनी चाहिए।

# दो साल से टूटा बिजली का पोल, अब भी नहीं बदला, हादसे को दे रहा हैं न्योता

निसं



**चिड़ासन ( नवयत्न )।** लोयल ग्राम पंचायत में मीणों के मोहल्ले की सड़क किनारे पिछले करीब दो साल से टूटा बिजली का पोल हादसे को न्योता दे रहा है। पोल बीच से टूटकर दो हिस्सों में बंट चुका है और उसके अंदर के तार भी बाहर दिखाई दे रहे हैं। यह पोल राजेंद्र शर्मा की दुकान के सामने लगा है और यहां से दिनभर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की आवाजाही रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि तेज आंधी या तूफान आने पर जर्जर पोल कभी भी गिर सकता है। इससे जनहानि और वाहन चालकों को नुकसान का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद विद्युत विभाग की ओर से अब तक पोल को नहीं बदला गया है। ग्रामीणों के अनुसार डीएसएसएस योजना के तहत पुराने और क्षतिग्रस्त पोल व केबल बदलने का काम होना था। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस पोल को देखकर भी निकल गए, लेकिन पोल नहीं बदला गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने भी मौके पर पोल और केबल की स्थिति देखने के बावजूद इन्हें नहीं बदला। ग्रामीण सज्जन हलवाई ने बताया कि पोल करीब दो साल पहले ही बदल जाना चाहिए था। विद्युत विभाग के कर्मचारी भी इस रास्ते से रोजाना गुजरते हैं, लेकिन किसी ने इसे बदलने की सुध नहीं ली।

### ग्रामीणों ने पोल हटाने की मांग की

यह सड़क गांव के व्यस्त मोहल्ले में होने के कारण यहां लगातार लोगों की आवाजाही रहती है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द टूटे पोल को हटाकर नया पोल लगाने की मांग की है। मांग करने वालों में मुंशी जांगिड़, श्रीराम, राजेंद्र शर्मा, किशन लाल शर्मा, सतवीर मीणा और सुरेश लाल सिंह सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

# कानूनी अधिकारों को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तालुका विधिक सेवा समिति तारानगर के तत्वावधान में सुबेदार डिफेंस कोचिंग संस्थान में विद्यार्थियों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी श्वेता भाकर ने विद्यार्थियों को कानूनी अधिकार, नि:शुल्क विधिक सहायता और राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों को विधिक जागरूकता संबंधी सामग्री भी वितरित की गई तथा आपसी समझौते से विवादों के समाधान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के संचालक सुबेदार रामपत सिंह के सहयोग से किया गया।

# व्याख्याता मीना का शिक्षक गौरव सम्मान के लिए चयन

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** मानव जन जागृति संस्थान, जयपुर की ओर से 6 सितंबर को द्वितीय राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव सम्मान समारोह 2026 आयोजित किया जाएगा। समारोह का आयोजन कोजी होटल, भोजलावा पुलिया के पास, चौमूं, जयपुर में होगा। संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सौदागर कांदेला ने बताया कि सम्मान के लिए निर्धारित अवधि में राजस्थान भर से कुल 491 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें शिक्षा एवं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 50 शिक्षक-शिक्षिकाओं का राज्य स्तरीय शिक्षक गौरव सम्मान-2026 के लिए चयन किया गया है। इसी क्रम में पीएम श्री राजकीय उच्च माण्विद्यालय श्रीमाधोपुर व्याख्याता मंगली मीणा पत्नी दिनेश मीणा ग्राम जोरावर नगर श्रीमाधोपुर का भी शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मान हेतु चयन हुआ है।

# नगर परिषद की टीम ने प्रतिबंधित 300 किलो पॉलीथिन जब्त की



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** नगर परिषद की टीम ने प्रतिबंधित पॉलीथिन की खुलेआम बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 300 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की है। नगर परिषद की टीम ने एएसआई मनिराम डाबी के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार टीम ने कृषि उपज मंडी के पास मुख्य सब्जीमंडी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए कृष्ण कुमार सुरेका अग्रवाल द्वारा बेची जा रही प्रतिबंधित पॉलीथिन को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान टीम को गोदाम के ऊपर बने कमरे में भी प्रतिबंधित पॉलीथिन का स्टॉक मिला, जिसे जब्त कर लिया गया। नगर परिषद की टीम ने प्रतिबंधित पॉलीथिन की बिक्री करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग और बिक्री पर रोक लगाने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# निकाय चुनावों को लेकर जिला कलेक्टर व एसपी ने ली बैठक

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** जिला निवार्चन अधिकारी अभिषेक सुराणा व पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने नगर निकाय चुनाव को लेकर शुक्रवार को रतनगढ़ पुलिस थाने में बैठक ली तथा चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता की पालना, निगरानी व्यवस्था तथा संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति की समीक्षा की। इससे पहले राजकीय लोहिया गर्ल्स कॉलेज स्थित स्ट्राँग रूम व मतगणना स्थल का निरीक्षण भी किया तथा निकाय चुनाव को लेकर प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य गतिविधियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने कहा कि नगर निकाय चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने के लिए सभी निर्वाचन कार्यों का प्रभावी प्रबंधन किया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित प्रत्येक गतिविधि पर प्रभावी निगरानी रखी जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों तथा आदर्श आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष निगरानी रखने, मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी दायित्वों का गंभीरता एवं सजगता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने चुनाव प्रबंधन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कार्मिक अपने दायित्वों का गंभीरता एवं पूर्ण सतर्कता के साथ निर्वहन करें। चुनाव व्यवस्था से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक मुस्तैद रहें और सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के मध्यनजर क्षेत्र में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था का बेहतर प्रबंधन रहे। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी समुचित समन्वय रखें और संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्ट्रॉन्ग रूम एवं मतगणना स्थल पर निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया



जाए। ईवीएम की सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के साथ ही प्रवेश-निकास व्यवस्था को भी सुव्यवस्थित रखा जाए। इस दौरान एसडीएम मिथिलेश ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों, अब तक की गई व्यवस्थाओं तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी। इस दौरान डीवाईएसपी इनसार अली, राजलदेसर तहसीलदार प्यारेलाल, नायब तहसीलदार राजेंद्र, ईओ भवानी व्यास, थानाधिकारी संदीप विश्नोई सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े कई अधिकारी उपस्थित थे।

# बेटा नहीं होने के तानों से परेशान सरकारी शिक्षिका ने की आत्महत्या

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भट्टा बस्ती थाना इलाके में ससुराल वालों की कथित प्रताड़ना से परेशान होकर रींगस के सरकारी स्कूल की शिक्षिका ने आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही बेटी को दहेज के लिए परेशान किया जा रहा था। दो बेटियां होने के बाद ससुराल वालों ने बेटे की चाह में उसे ताने देना शुरू कर दिया। पुलिस ने शिक्षिका के पति और ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफआत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि शास्त्री नगर की शिव कॉलोनी निवासी नीरू गुप्ता रींगस के सरकारी स्कूल में शिक्षिका थी। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे स्कूल से घर लौटने के बाद वह अपने कमरे में चली गई। शाम करीब साढ़े 6 बजे परिजनों ने कमरे में देखा तो वह फंदे से लटकी मिली। परिजन उन्हें नीचे उतारकर कांवटिया अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका के पिता पुष्करलाल गुप्ता, निवासी परमहंस कॉलोनी मुरलीपुरा ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि जनवरी 2013 में नीरू की शादी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव योगेश अग्रवाल से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज को लेकर बेटी को परेशान किया जाता था। दिसंबर 2013 में पहली बेटी और फरवरी 2019 में दूसरी बेटी के जन्म के बाद ससुराल वालों का कथित ताना और प्रताड़ना बढ़ गई। पिता के अनुसार नवंबर 2021 में ससुराल वालों ने नीरू के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। बाद में पीहर पक्ष की समझाइश के करीब सवा महीने बाद उसे वापस ससुराल भेजा गया। वर्ष 2023 में नीरू की रींगस के सरकारी स्कूल में शिक्षिका के पद पर नौकरी लग गई, लेकिन पिता का आरोप है कि इसके बाद भी प्रताड़ना बंद नहीं हुई। पिता ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि जुलाई 2026 में नीरू के भाई के यहां दूसरे बेटे के जन्म की जानकारी मिलने के बाद ससुराल वालों ने उसे ताना दिया कि तेरे भाई के बेटे पर बेटे हो रहे हैं, तू बेटियां पैदा कर रही है। पिता के अनुसार नीरू ने फोन पर कई बार अपनी परेशानी बताई थी। उसने कथित तौर पर कहा था, पिताजी, मेरे बेटा नहीं होने से ये लोग मुझे मार डालेंगे। आप मेरी दोनों बेटियों का ध्यान रखना। इसके बाद उसकी संदिग्ध मौत की सूचना पीहर पक्ष को मिली। पुलिस ने पिता की शिकायत पर पति योगेश अग्रवाल सहित ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

# बिना लाइसेंस दवाओं का कारोबार पकड़ा, 1.40 लाख की दवाएं जब्त

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने चित्रकूट क्षेत्र में बिना लाइसेंस दवाओं का स्टॉक रखने और उनकी बिक्री करने के मामले में कार्रवाई करते हुए करीब 1.40 लाख रुपए कीमत की दवाएं जब्त की हैं। जांच के दौरान एनडीपीएस एक्ट के दायरे में आने वाली दवा भी मिली। विभाग ने तीन अलग-अलग दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं। ड्रग कंट्रोलर अजय फाटक ने बताया कि चित्रकूट स्थित एक गोदाम में बिना लाइसेंस दवाओं के भंडारण और बिक्री की सूचना मिली थी। इसके बाद असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर दिनेश कुमार तनेजा के निर्देशन में ड्रग ऑफिसर राम प्रसाद कुमावत और सपना पारीक की टीम ने गोदाम पर जांच की। मौके पर मौजूद स्टाफके पास दवाओं का स्टॉक रखने और बिक्री करने का लाइसेंस नहीं मिला। जांच के दौरान टीम को अलग-अलग फार्मेसी के नाम से जारी बिल, इनवॉइस और अन्य दस्तावेज मिले। इससे गोदाम से दवाओं की बिक्री किए जाने की जानकारी सामने आई। टीम ने मौके पर मिला करीब 1.40 लाख रुपए का दवा स्टॉक जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान गैरोन-100 टैबलेट भी बरामद हुई। इसमें एनडीपीएस एक्ट के तहत आने वाला घटक शामिल है। इसके उपलब्ध बिल और अन्य दस्तावेजों की जांच में भी अनियमितताएं सामने आई हैं। विभागीय टीम ने जब्त स्टॉक में से गैबानिल-300, टेल्मेवास-एच (टेल्मिसार्टन और हाइड्रोक्लोरोथियाजाइड टैबलेट) और ट्रूक्लैम 625 (अमोक्सिसिलिन और पोटेशियम क्लैवुलैनेट टैबलेट 625 एमजी) के नमूने लिए। इन सभी सैंपल को गुणवत्ता एवं अन्य मानकों की जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। विभाग की ओर से मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर 24 को

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता निवारण जयपुर के सहयोग से स्वर्गीय बंशीधर एवं स्वर्गीय पुष्कर लाल बंसल की स्मृति में लायंस क्लब श्रीमाधोपुर के सहयोग से 24 अगस्त सोमवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेफरागुवार में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। लायंस क्लब के सागर मल हलवाई ने बताया कि शिविर में नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा, भोजन एवम् रहने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। रोगी अपने साथ वोटर पहचान पत्र, आधार कार्ड अथवा राशन कार्ड की कॉपी साथ अवश्य लाएं। शिविर में गंगाराम हॉस्पिटल नई दिल्ली के डॉक्टर नरेश बंसल गैस्ट्रोलॉजिस्ट भी अपनी सेवाएं देंगे।

# विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे एवं स्मार्ट टीवी भेंट

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** शहीद पीथुराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोहिणा में समाजसेवियों ने सीसीटीवी कैमरे एवं स्मार्ट टीवी भेंट किया है। प्रधानाचार्य विजय शंकर ने बताया कि समाजसेवी एवं उद्योगपति किशनलाल जोशी एवं उनकी धर्मपत्नी शांति देवी ने विद्यालय में सवा लाख की कीमत के 20 सीसीटीवी कैमरा सेट तथा पवन कुमार पुरोहित ने 35 हजार कीमत का स्मार्ट टीवी भेंट किया है। विद्यालय विकास में सहयोग करने पर विद्यालय परिवार की ओर से समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया गया।



# नगरपालिका चुनाव से पहले मतदाता सूची पर विवाद ग्रामीण मतदाताओं के नाम नगर क्षेत्र में जोड़ने का आरोप

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** आगामी 9 सितंबर को होने वाले नगर पालिका चुनाव से पहले नोखा में मतदाता सूची को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विकास मंच नोखा एवं पूर्व संसदीय सचिव कन्हैया लाल झंवर ने निर्वाचन अधिकारियों को पत्र देकर ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले मतदाताओं के नाम नगर पालिका क्षेत्र की मतदाता सूची में जोड़े जाने पर आपत्ति जताई है। 21 अगस्त 2026 को चुनाव आयुक्त राजस्थान, जिला निर्वाचन अधिकारी बीकानेर तथा निर्वाचन अधिकारी नगर पालिका नोखा को दिए गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि करीब 2500 ऐसे फॉर्म जमा हुए हैं, जिनमें आवेदनकर्ताओं का वास्तविक निवास नगर पालिका नोखा क्षेत्र में नहीं है, इसके बावजूद उनके नाम नगर क्षेत्र की मतदाता सूची में जोड़ने के लिए आवेदन किए गए हैं।

### वार्ड 25 का उदाहरण देकर उठाई आपत्ति

ज्ञापन में वार्ड संख्या 25 का विशेष उल्लेख करते हुए कहा गया है कि कुछ ग्रामीण मतदाताओं ने नोखा के वार्ड 25 में वोट जोड़ने के लिए आवेदन किया है, जबकि उनके वास्तविक निवास स्थान ग्रामीण क्षेत्र रोड़ा में बताए गए हैं। पत्र में ऐसे मतदाताओं के नामों को नगर पालिका के वार्ड 25 की मतदाता सूची में शामिल नहीं करने की मांग की गई है। इसके समर्थन में 20 अगस्त को निर्वाचन अधिकारी, नगर पालिका नोखा को दिए गए एक अन्य पत्र में 12 मतदाताओं के नामों का उल्लेख किया गया है। पत्र के अनुसार इन मतदाताओं ने वार्ड 25 में नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया, जबकि उनके वास्तविक निवास का स्थान रोड़ा तथा वार्ड 26 क्षेत्र बताया गया है।

### गलत नाम जुड़े तो आंदोलन करेंगे

कन्हैयालाल झंवर ने चेतावनी दी है कि यदि बिना वास्तविक निवास की पुष्टि किए ग्रामीण मतदाताओं के नाम नगर पालिका क्षेत्र की मतदाता सूची में जोड़ दिए जाते हैं, तो विकास मंच इसका विरोध करेगा। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि ऐसे करीब 2500 फॉर्म निरस्त नहीं किए गए, तो विकास मंच की ओर से 22 अगस्त को सुबह 11 बजे उपखंड कार्यालय के सामने धरना देने का निर्णय लिया गया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा तथा इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### निष्पक्ष चुनाव को लेकर बढ़ी निगरानी

नगरपालिका चुनाव से ठीक पहले उठे इस मुद्दे ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण और सत्यापन की प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। विकास मंच का कहना है कि मतदाता का वास्तविक निवास जिस क्षेत्र में है, उसी के अनुरूप उसका नाम संबंधित वार्ड की मतदाता सूची में होना चाहिए, ताकि शहरी मतदाताओं के मतदान अधिकार प्रभावित न हों। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी 2026 की अंतिम एस आई आर मतदाता सूची, मतदाता नाम खोजने तथा दावे-आपत्तियों से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब निगाहें निर्वाचन विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं कि शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच किस स्तर पर होती है और विवादित आवेदनों का सत्यापन किस प्रकार किया जाता है। चुनाव से पहले मतदाता सूची का यह विवाद नोखा की चुनावी राजनीति में नया मुद्दा बनता दिखाई दे रहा है।

# स्वर्णकार की दुकान से ढाई किलो चांदी, 10 ग्राम सोना चोरी

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय सब्जी मंडी के पास स्थित एक स्वर्णकार की दुकान में चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। दुकानदार राजेंद्र पुत्र हुलाशचंद सोनी, निवासी चुंगी नाका के पीछे, सुजानगढ़ ने बताया कि चोर उसकी दुकान से करीब ढाई किलो चांदी का सामान, जिसमें चांदी की पायजेब, चांदी की बिछुड़ी के डिब्बे, अंगूठियों के डिब्बे आदि शामिल हैं, चोरी करके ले गए। इसी प्रकार 10 ग्राम सोना भी चोरी हो गया। दुकानदार ने बताया कि रोज की तरह वह गुरूवार रात को 9 अपनी दुकान बंद करके घर गए थे। सुबह जब सब्जी मंडी का व्यापारी आया, तो उसने मेरी दुकान का ताला टूटा हुआ देखकर मुझे सूचना दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना किया है। अरविंद सोनी सहित अनेक व्यापारियों ने चोरों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया जाने की मांग की है।



# विज्ञान मेला एवं गणित-विज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विज्ञान मेला एवं गणित-विज्ञान क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने की तथा सीबीईओ सुमन शर्मा मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम प्रभारी धन्नाराम जाट के निर्देशन में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने स्मार्ट सिटी, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा एवं तकनीकी नवाचार पर आधारित वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए। गणित-विज्ञान क्विज में 120 विद्यार्थियों ने रैंडम, बज्जर एवं विजुअल राउंड में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मॉडल प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में मुकुल-हिमांशु प्रथम, प्रियांशी द्वितीय तथा करण-प्रिंस तृतीय रहे। सीनियर वर्ग में आर्यन शर्मा प्रथम, प्रेम-रवि द्वितीय तथा मोनिका बाजिया तृतीय रहे। क्विज के जूनियर वर्ग में रेहान-जोया प्रथम, विवेक कुमार द्वितीय एवं मोहित नायक तृतीय, जबकि सीनियर वर्ग में कृष्णा प्रथम, विकास सैनी द्वितीय एवं सिंधुजा तृतीय रहे। प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने विजेताओं को बधाई देते हुए बताया कि विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी जिला स्तरीय विज्ञान मेले में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्य अतिथि सीबीईओ सुमन शर्मा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिशुपाल सिंह बिजारणिया ने किया। इस कार्यक्रम में पीएमश्री प्रभारी ओमप्रकाश गुर्जर, कैलाश चंद कुमावत, ललित कुमार सैनी, पूनम देवी, राम सिंह गुर्जर, किरण भदाला, कपिल कुमार सामोता, पंकज कुमार सेवदा, पुष्पा कुमारी, धुड सिंह सामोता, अंकुश कुमार खैरवा, भूपेंद्र योगी सहित समस्त स्टॉफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटाने व नए अतिक्रमण रोकने की मांग

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** गौरव सैनानी (पूर्व सैनिक) संघ तारानगर ने उपखण्ड अधिकारी प्रियंका कड़ेला को ज्ञापन देकर सैनिक कल्याण बस्ती तारानगर में किए गए अतिक्रमण को हटाने व नये अतिक्रमण रोकने की मांग की है। ज्ञापन में गौरव सेनानियों ने बताया कि 2005 को राजस्थान सरकार द्वारा नगरपालिका तारानगर को सैनिकों के कल्याणार्थ सैनिकों के लिए खसरा नं 585 रकबा 68 बीघा भूमि का आवंटन किया गया था परन्तु कानूनी अड़चनों के कारण अभी तक न प्लाट आंवटन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। सैनिक कल्याण बस्ती शहर की आबादी के नजदीक होने की वजह से लोगों की ओर से सैनिक कल्याण बस्ती की 10 से 12 बीघा भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा किया जा चुका है और दिन प्रतिदिन अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। गौरव सेनानी संघ की ओर प्रशासन को अनेक बार लिखित में अतिक्रमण की सूचना दी गई थी लेकिन कोई भी सतोषजनक कार्यवाही नहीं होने की वजह से रोजाना अतिक्रमण आगे बढ़ता जा रहा है यदि यहीं स्थिति रही तो एक दिन सैनिक कल्याण बस्ती का नामोनिशान मिट जायेगा। संघ ने उचित कानूनी कार्यवाही कर सैनिक कल्याण बस्ती पर किए गए अतिक्रमण को हटाने व आगे होने वाले अतिक्रमण को रोकने की मांग की है।

इस मौके पर संघ अध्यक्ष कैप्टन कल्याण सिंह राठौड़, ओमप्रकाश छिम्पा, भंवरसिंह पूनिया, बनवारीलाल, मोहरसिंह, भंवरदास, सुगनाराम आदि अनेक गौरव सेनानी मौजूद थे।



# आरएसएस का पत्रकार संवाद कार्यक्रम कल

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्रीमाधोपुर की ओर से रविवार 23 अगस्त को सुबह 10 बजे श्री शास्त्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल बायपास रोड श्रीमाधोपुर में पत्रकार संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बताया गया है कि इस कार्यक्रम में संघ के प्रांत सह संघचालक हेमंत सेठिया भी उपस्थित रहेंगे। बताया गया है कि इस कार्यक्रम में श्रीमाधोपुर, खंडेला, अजीतगढ़, रींगस, पलसाना, दांता, रामगढ़ आदि स्थानों के पत्रकार उपस्थित रहेंगे।

# डॉ जयप्रकाश गर्ग बने रिसर्च सुपरवाइजर

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर की शोध शाखा की ओर से विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत 10 असिस्टेंट प्रोफेसरों को नवीन शोध पर्यवेक्षक (रिसर्च सुपरवाइजर/पीएचडी गाइड) नियुक्त किया गया है। जिसमें खेतड़ी की राजकीय महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जयप्रकाश गर्ग को एबीएसटी (अकाउंटेंसी एंड बिजनस स्टेटिक्स) विषय में शोध पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। जारी नियुक्ति आदेश के तहत इन शिक्षकों को अलग-अलग विषयों में शोधार्थियों के मार्गदर्शन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विश्वविद्यालय शोध शाखा के आदेशों के अनुसरण में सक्षम स्तर से स्वीकृति के बाद यह आदेश जारी किया गया है। नई नियुक्तियों से विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में शोध कार्य को गति मिलने की उम्मीद है। नई सूची में राजकीय महाविद्यालय खेतड़ी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉण् जयप्रकाश गर्ग को एबीएसटी विषय में शोध पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। अब एबीएसटी विषय में पीएचडी करने वाले शोधार्थी उनके मार्गदर्शन में अपना शोध कार्य कर सकेंगे। डॉ जयप्रकाश गर्ग शिक्षण एवं अकादमिक क्षेत्र में अपनी पहचान रखते हैं। इसके साथ ही वे जादू कला के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं और बहुमुखी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं। शोध पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्ति मिलने से खेतड़ी सहित आसपास के क्षेत्र के शोधार्थियों को स्थानीय स्तर पर शोध मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध होगी।



# भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने श्रम आयुक्त पार्थ से की मुलाकात

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष पवन कुमार के नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को श्रम आयुक्त पूजा पार्थ से मुलाकात की। इस दौरान श्रमिक हितों, श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष गौरी शंकर शर्मा, प्रदेश मंत्री यतेंद्र कुमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रकाश शर्मा और जिला मीडिया प्रभारी अक्षय कुमार मीणा शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि श्रमिक प्रदेश की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। ऐसे में उन्हें उचित पारिश्रमिक, सामाजिक सुरक्षा, सुरक्षित कार्य वातावरण और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिलना जरूरी है। प्रतिनिधियों ने श्रम कानूनों के प्रभावी पालन के साथ श्रमिकों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विभागीय व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। बैठक में न्यूनतम वेतन, महंगाई के अनुरूप मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, ठेका श्रमिकों के हित, कार्यस्थल पर सुरक्षा, श्रमिक कल्याण योजनाओं, श्रम कानूनों के अनुपालन और शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। प्रतिनिधिमंडल ने श्रमिक संगठनों के साथ नियमित संवाद और समन्वय व्यवस्था मजबूत करने का भी सुझाव दिया। प्रतिनिधियों ने कहा कि श्रम विभाग की योजनाओं और श्रमिकों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी जमीनी स्तर तक पहुंचनी चाहिए। ठेका और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को उनके वैधानिक अधिकार और सामाजिक सुरक्षा का लाभ सुनिश्चित करने के साथ शिकायत निवारण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाना चाहिए। श्रम कानूनों से जुड़े नए प्रावधानों पर चर्चा करते हुए प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इनके क्रियान्वयन में श्रमिक हित, रोजगार की सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही श्रमिक संगठनों से सुझाव लेकर व्यावहारिक कठिनाइयों का समाधान किया जाए। श्रम आयुक्त पूजा पार्थ ने प्रतिनिधिमंडल की ओर से उठाए गए मुद्दों और सुझावों को गंभीरता से सुना तथा श्रमिक हितों से जुड़े मामलों में विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई और समन्वय का आश्वासन दिया। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। प्रतिनिधिमंडल ने चर्चा के लिए श्रम आयुक्त का आभार जताते हुए कहा कि सरकार, श्रम विभाग और श्रमिक संगठनों के बीच बेहतर समन्वय से प्रदेश के श्रमिकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव है।



# यूसीसी के विरोध में मुस्लिम समाज ने की विधानसभा कूच की कोशिश

## राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में प्रस्तावित यूनिफॉर्म सिविल कोड के विरोध में शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोग सड़कों पर उतरे। मोती डूंगरी रोड स्थित मुसाफिर खाने में मुस्लिम समाज की बड़ी धार्मिक सभा आयोजित हुई। जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। सभा में वक्ताओं ने यूसीसी को लेकर आपत्तियां जताते हुए राज्य सरकार से इसे लागू नहीं करने की मांग की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने विधानसभा की ओर कूच करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने एमडी रोड पर समझाइश के बाद उन्हें रोक लिया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन लिया। सभा में सामाजिक, धार्मिक और मानवाधिकार संगठनों के साझा मंच ने प्रस्तावित कानून को लेकर अपनी आपत्तियां रखीं। मंच ने सरकार से यूसीसी के प्रस्ताव पर विस्तृत श्वेतपत्र जारी करने तथा कानून बनाने से पहले संबंधित समुदायों, महिला संगठनों, विधि विशेषज्ञों, धार्मिक विद्वानों और सिविल सोसाइटी से व्यापक परामर्श करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि भारत में समान नागरिक संहिता का मुद्दा पिछले सात दशक से संविधान सभा की बहसों से लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसलों, चुनावी घोषणापत्रों और विधानसभाओं तक चर्चा में रहा है। उत्तराखंड में वर्ष 2024 में राज्य स्तर पर यूसीसी लागू किया गया। इसके बाद गुजरात, असम, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित कुछ राज्यों ने भी इस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। राजस्थान सरकार ने राज्य स्तरीय यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए पांच सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई कर रही हैं। साझा मंच ने कहा कि यूसीसी केवल कानूनी सुधार का विषय नहीं है, बल्कि इसका संबंध धर्म, संस्कृति, पहचान, महिला अधिकार, आदिवासी परंपराओं और संघीय ढांचे से भी है। राजस्थान जैसे बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक राज्य में समान कानून के अलग-अलग समुदायों पर पड़ने वाले प्रभावों का गंभीर अध्ययन किया जाना चाहिए। मंच ने संविधान के अनुच्छेद 44 का हवाला देते हुए कहा कि राज्य को समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करने का निर्देश दिया गया है, जबकि अनुच्छेद 25 और 26 नागरिकों तथा धार्मिक समुदायों को धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक मामलों के प्रबंधन का अधिकार देते हैं। वक्ताओं ने कहा कि अनुच्छेद 44 नीति-निर्देशक तत्वों का




हिस्सा है और अनुच्छेद 37 के तहत ये शासन के लिए मार्गदर्शक हैं। इसलिए इनके क्रियान्वयन में मौलिक अधिकारों के प्रभावित होने की स्थिति से बचना जरूरी है। साझा मंच ने आशंका जताई कि यदि यूसीसी के जरिए विभिन्न समुदायों को उनकी मौजूदा धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से अलग किसी वैधानिक व्यवस्था का पालन करने के लिए बाध्य किया जाता है तो संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 19, 21, 25, 26 और 29 के तहत प्राप्त अधिकारों को लेकर गंभीर संवैधानिक सवाल खड़े हो सकते हैं। मंच ने कहा कि विभिन्न समुदायों के व्यक्तिगत कानूनों में मौजूद विविधता देश की बहुलतावादी सामाजिक-सांस्कृतिक संरचना का हिस्सा है। इसलिए व्यक्तिगत कानूनों में किसी भी बदलाव से पहले संबंधित समुदायों और विशेषज्ञों के साथ व्यापक संवाद होना चाहिए। सभा में राजस्थान सरकार से यूसीसी लागू करने से पहले इसके संवैधानिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभावों पर व्यापक सार्वजनिक विमर्श कराने की मांग की गई। मंच ने प्रदेश के सामाजिक, धार्मिक और मानवाधिकार संगठनों से भी इस मुद्दे पर एकजुट होने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी समुदाय का विरोध करना नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र, धार्मिक स्वतंत्रता और देश की बहुलतावादी विरासत की रक्षा करना है। साझा मंच ने राज्य सरकार से राजस्थान में यूसीसी लागू नहीं करने का आह्वान किया।

## ब्लाइंड मर्डर केस मामला, दो माह बाद भी पुलिस की अनसुलझी गुत्थी



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू के सदर थाना इलाके में दो माह पूर्व हुआ ब्लाइंड मर्डर केस अब भी पुलिस के लिए अनसुलझी गुत्थी बना हुआ है। वारदात का दो माह बाद भी खुलासा नहीं होने से आक्रोशित ग्रामीण शुक्रवार को चूरू एसपी दफ्तर पहुंचे और चूरू एसपी से ब्लाइंड मर्डर का जल्द खुलासा करने की मांग की। गांव के महावीर नेहरा ने बताया 22 और 23 जून की मध्य रात्रि को घाघू गांव के श्रीचंद की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी जिसका मुकदमा परिजनों ने 23 जून 2026 को चूरू के सदर थाना में दर्ज करवाया था लेकिन वारदात के दो माह गुजर जाने के बाद भी पुलिस वारदात का खुलासा नहीं कर पाई। शुक्रवार को गांव के महावीर नेहरा की अगुवाई में गांव के दर्जनों लोग एसपी दफ्तर पहुंचे और चूरू एसपी से ब्लाइंड मर्डर का जल्द खुलासा करने की मांग की। नेहरा ने कहा अगर जल्द पुलिस वारदात का खुलासा नहीं करती है तो आगे उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

## स्व. ठाकुर प्रहलाद सिंह की 30वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



मधु दहिया

**बुहाना ( नवयत्न )।** बाबा उम्मदसिंह कॉलेज में शुक्रवार को बुहाना के स्व. ठाकुर प्रहलाद सिंह की 30वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। इसमें क्षेत्र के स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने स्व. प्रहलाद सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रतन सिंह तंवर, पूर्व उपप्रधान राजपाल, रामवती, राजेंद्र प्रसाद, कृष्ण यादव, राजेश रांगेय, जोगेंद्र सिंह, भोजराज, कुलदीप सिंह, सत्यवीर सिंह, लीलूराम, दिनेश शर्मा और विजय कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने स्व. ठाकुर प्रहलाद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके जीवन और समाज के लिए किए गए योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि समाज के लिए किए गए अच्छे कार्य हमेशा याद किए जाते हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देते हैं। श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने स्व. प्रहलाद सिंह की स्मृतियों को नमन करते हुए उनके विचारों और सामाजिक योगदान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम श्रद्धा और सम्मान के माहौल में संपन्न हुआ।

## रामप्रसाद शर्मा को बनाया तहसील मंत्री



अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय अग्रसेन भवन के सत्संग हॉल में सुजानगढ़ तहसील गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। संरक्षक करणीदान मंत्री ने बताया कि संगठन के तहसील मंत्री परमेश्वर लाल सोनी व्यक्तिगत कारणों से अपने पद का दायित्व नहीं संभाल पा रहे हैं। इसलिए अतः तहसील मंत्री के पद पर राम प्रसाद शर्मा, पूर्व व्याख्याता को सर्व समिति से दायित्व दिया जाए। जिसका उपस्थित सदस्यों ने अनुमोदन किया। संरक्षक करणीदान मंत्री व अध्यक्ष पूनमचंद सारस्वत ने आशा व्यक्त की है कि आगामी माह में राष्ट्रीय गर्भास्थ शिशु संरक्षण समिति भारत का दो दिवसीय सम्मेलन किशनगढ़ अजमेर में आयोजित होने वाला है। जिसमें हमारी शाखा से अधिकतम सदस्य वहां अपनी उपस्थिति देंगे। इस अवसर पर सांवरमल भोजक, मदनगोपाल, चंद्रप्रभा सोनी, रजनी सोनी, बृजमोहन सुरोलिया आदि मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

अमित प्रजापत




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय रतन देवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरूकता विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में मतदान के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और उन्हें अपने मताधिकार के प्रति जिम्मेदार बनाना रहा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक और प्रेरणादायक स्लोगन प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से मतदान के महत्व, मतदाता के अधिकार, लोकतंत्र में नागरिक की भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। उप प्रधानाचार्य शबाना चैधरी ने भी विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम की प्रभारी कविता त्रिवेदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित किया गया।

# अखिल भारतीय किसान सभा का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन शुरू

निसं




**तारानगर ( नवयत्न )।** चूरू जिले के तारानगर स्थित जाट भवन में शुक्रवार को अखिल भारतीय किसान सभा का तीन दिवसीय 29वां राज्य सम्मेलन का शुभारंभ किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष कामरेड पेमाराम द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सीकर सांसद कामरेड अमराराम, केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड पुष्पेंद्र त्यागी, राज्य कमेटी सदस्य एवं पूर्व भादरा विधायक कामरेड बलवान पूनिया, मंगेज चौधरी, निर्मल कुमार, श्योपत मेघवाल सहित राज्य कमेटी सचिव मंडल सदस्य व प्रदेशभर से आए किसान सभा के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सम्मेलन का शुभारंभ में कामरेड उमराव सहारण व पूर्णाराम सरावग ने स्वागत भाषण व स्वागत गायन प्रस्तुत किया। सम्मेलन का उद्घाटन केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड पुष्पेंद्र त्यागी ने किया। इससे पूर्व स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, फसलों का लाभकारी भाव देने, ट्रेड डील पर रोक लगाने, सम्पूर्ण कर्जा माफी, बकाया फसल बीमा क्लेम, नहरों के निर्माण सहित विभिन्न मांगों को लेकर कृषि उपज मंडी मे किसान अधिकार रैली का आयोजन जिला अध्यक्ष इन्द्राज सिंह की अध्यक्षता में किया गया। सभा को संबोधित करते हुए किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड अमराराम व केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड पुष्पेंद्र त्यागी ने केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार की गलत नितियों के कारण किसानों की हो रही दुर्दशा पर चर्चा की व भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए बढ़ती हुई महंगाई व भ्रष्टाचार पर चिंता जाहिर की। सभा को प्रदेश अध्यक्ष कामरेड पेमाराम, बलवान पूनिया, निर्मल कुमार, छगन चौधरी, सागर खाचरिया, मंगेज चौधरी, पूर्णाराम सरावग, चिमनाराम पांडर, एडवोकेट मुकेश शर्मा, रामनारायण रूलानिया, सुशीला कंवर, भूमि बिरमी, उमराव सहारण, विक्रम सोनी, कांशीराम सहारण, सांवरमल मेघवाल, गौरीशंकर मांडिया, महेन्द्र, करतारसिंह आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर कामरेड सुनिल पारीक, सुमन प्रजापत, दाताराम भाकर, कांशीराम पूनिया, किशन शर्मा, नितेश उपाध्याय, कुणण बरोड़, अशोक शर्मा, विजय गोस्वामी, भालसिंह, भोजराज महला, सोनू जिलोवा, अजीत पूनियां, विकास पारीक, मोहम्मद सलीम, एडवोकेट नजीर लहंगा, मूनेश पूनिया सहित चूरू जिला कमेटी व तहसील कमेटीयों के पदाधिकारी, एसएफआई, डीवाईएफआई, सिटू, आंगनबाड़ी पदाधिकारी व हजारों की संख्या में किसान मौजूद रहै। संचालन रामकृष्ण छिंपा ने किया। ज्ञात रहे की 21 से 23 अगस्त तक होने वाले राज्य सम्मेलन में विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर चर्चा कर नव राज्य कमेटी का गठन किया जायेगा।

## शिक्षा अधिकारियों ने किया प्रार्थना सभा का अवलोकन, दिलाई नशा मुक्ति की शपथ



अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ब्लॉक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रणजीत भींचर व अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धर्मसिंह मीणा ने शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोथियावास की प्रार्थना सभा कार्यक्रम का निरीक्षण किया। शिक्षा अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुये नशा मुक्ति अभियान की शपथ दिलाई तथा बच्चों को पारितोषिक प्रदान किये। तत्पश्चात विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों व ग्रामीणों के सहयोग से गांव के सार्वजनिक स्थानों पर चलाई जा रही वृक्षमित्र योजना के तहत सामूहिक रूप से वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गांव के तेजाजी मंदिर के पास सार्वजनिक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान बाबूलाल सैनी ने की। जबकि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रणजीत भींचर मुख्य अतिथि व अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धर्मसिंह मीणा, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक चैनरूप दायमा व ग्राम पंचायत प्रशासक रामप्यारी देवी विशिष्ट अतिथि थे। इस दौरान अतिथियों ने विद्यालय स्टाफव ग्रामीणों के सहयोग से संचालित वृक्षमित्र योजना को वर्तमान समय की महती आवश्यकता बताते हुये ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिक्षक किशनाराम मण्डा ने अभियान का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया व अब तक हुये वृक्षारोपण अभियान की जानकारी दी।

## सामने से आई बोलेरो से बचने में पोल से टकराई बाइक, युवक गंभीर घायल

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** उपखंड के बडाऊ के पास शुक्रवार को सामने से आ रही बोलेरो गाड़ी से बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार खरखड़ा पंचायत के बसंत विहार निवासी कुंदन (30) पुत्र रघुवीर सिंह बाइक से घर से बडाऊ की ओर किसी काम से जा रहा था। गौशाला के पास मोड़ पर सामने से अचानक बोलेरो गाड़ी आ गई। बोलेरो से बचने के लिए कुंदन ने बाइक को सड़क से नीचे उतार लिया। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से जा टकराई। हादसे में कुंदन के सिर, पैर और हाथ में चोटें आई हैं। अस्पताल में उसका उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे और हादसे की जानकारी ली। वहीं खेतड़ीनगर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई।

### झाड़ियों से निकालकर अस्पताल पहुंचाया

टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायल कुंदन सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरा था। लोगों ने उसे झाड़ियों से बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर खेतड़ी से एंबुलेंस के पायलट महेश लगरी और ईएमटी सज्जन बजाड़ मौके पर पहुंचे। दोनों ने घायल को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल पहुंचाया।

# तस्वीरें समाज को अलग-अलग नजरिए से देखने का अवसर देती हैं : शर्मा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में आयोजित नजर फोटो एवं पेंटिंग एग्जीबिशन के पांचवें सीजन का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय यह प्रदर्शनी 23 अगस्त तक आयोजित की जा रही है, जिसमें देश-विदेश के विभिन्न स्थानों के साथ राजस्थान की संस्कृति, प्रकृति, वन्यजीवन और जनजीवन से जुड़ी चुनिंदा तस्वीरों के साथ पेंटिंग्स भी प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक राजस्थान राजीव कुमार शर्मा ने फीता खोलकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी में प्रदर्शित तस्वीरों और पेंटिंग्स का अवलोकन किया तथा फोटोग्राफर्स और कलाकारों के कलाकौशल एवं रचनात्मक दृष्टिकोण की सराहना की। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि फोटोग्राफी केवल तस्वीर खींचने की कला नहीं बल्कि किसी क्षण, भाव और कहानी को सहेजने का माध्यम है।

ऐसी प्रदर्शनियां कलाकारों की रचनात्मकता को सामने लाने के साथ समाज को अलग-अलग दृष्टिकोणों से देखने का अवसर देती हैं। नजर प्रदर्शनी में फोटोग्राफी और पेंटिंग का सुंदर संगम देखने को मिल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से प्रकृति और वन्यजीवन से जुड़ी तस्वीरों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी तस्वीरें लोगों को पर्यावरण और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस मौके पर रिटायर्ड आईएएस पवन अरोड़ा ने कहा कि नजर जैसी प्रदर्शनियां कला और फोटोग्राफी से जुड़े लोगों को अपनी रचनात्मकता साझा करने का बेहतरीन मंच देती हैं। तस्वीरों में केवल दृश्य नहीं, बल्कि फोटोग्राफर की सोच, संवेदना और उस क्षण को देखने का नजरिया भी दिखाई देता है। फोटोग्राफी के साथ पेंटिंग को शामिल करना प्रदर्शनी को और खास बनाता है। आयोजक रेणुका कुमावत, संजय कुमावत, अदिति अग्रवाल, डॉली अग्रवाल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रदर्शनी में प्रदर्शित तस्वीरों और पेंटिंग्स की विषयवस्तु की जानकारी दी। इस प्रदर्शनी में आईएएस डॉ जितेंद्र सोनी, आईएफएस अरिजीत बनर्जी, पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त निदेशक प्रचार एवं वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर डॉ कमलेश शर्मा की वाइल्ड लाइफ सहित विभिन्न विषयों पर आधारित तस्वीरें भी प्रदर्शित की गई हैं। इनके अलावा जयपुर एवं राजस्थान के जाने-माने फोटो जर्नलिस्ट, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर, प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक, विद्यार्थी तथा पेंटिंग आर्टिस्ट भी अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के साथ शामिल हुए हैं। इस अवसर पर आईएफएस अरिजीत बनर्जी सहित बड़ी संख्या में कलाप्रेमी एवं फोटोग्राफी प्रेमी मौजूद रहे। अतिथियों ने प्रदर्शनी में शामिल तस्वीरों और पेंटिंग्स की सराहना करते हुए कलाकारों के प्रयासों की प्रशंसा की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190